* ओड़िशा संस्करण

25 सितंबर, 2023

भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी

संवत 2080

पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची

सोमवार, वर्ष 08, अंक 335

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

करम पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं











रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में रविवार को करम पूजा पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड संस्कृति के तमाम तरह के नृत्य और गान की प्रस्तुति दी गयी।

# रांची-हावड़ा वंदे भारत का मोदी ने किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 11 राज्यों के लिए 9 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। इसी कड़ी में दिन के 12.30 बजे रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखा कर ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन जल्द ही देश हर हिस्से को कनेक्ट करेगी। बता दें कि झारखंड को दूसरी वंदे भारत ट्रेन मिली है। ट्रेन की शुरुआत को लेकर रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। दूसरी वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा गयी। 27 सितंबर से यात्रियों के लिए यह ट्रेन नियमित रूप से चलेगी। मालूम हो कि झारखंड की पहली वंदे भारत ट्रेन रांची से पटना के बीच चलती है। तीन महीने पहले इसकी शुरुआत हुई है।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सांसद रहे मौजूद



रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिरकत की। इन्होंने ट्रेन को विदा किया। अन्य अतिथियों में पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन, सांसद संजय सेठ, आदित्य प्रसाद, समीर उरांव, महुआ माजी, पद्मश्री से सम्मानित मुकुन्द नायक तथा मधु मंसूरी हंसमुख एवं महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे अनिल कुमार मिश्रा तथा मंडल रेल प्रबंधक, रांची जसमीत सिंह बिंद्रा की उपस्थिति में रांची - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रवाना हुई। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि वंदे भारत को देशभर के लोगों ने स्वीकार किया है। यह ट्रेन न केवल समय का बचत कराती है, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर भी दिखाती है। इस दौरान मौजूद लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## स्कूली बच्चों ने यात्रा की

रांची से हावड़ा के लिए रविवार को रवाना हुई ट्रेन में सेंट्रल एकेडमी बरियातू, एनएसएस और एनसीसी के कैडेट्स ने भी यात्रा की। ट्रेन में बैठे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते बन रही थी। रेलवे के अधिकारियों ने बच्चों के बीच चॉकलेट भी बांटे। वहीं कई बच्चों नेआत्मनिर्भर भारत का प्रतिनिधित्व करती पेंटिग्स भी बना रखी थी।

## सप्ताह में छह दिन चलेगी ट्रेन

सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि ट्रेन का सामान्य परिचालन 27 सितंबर से होगा। ट्रेन मंगलवार को छोड़ कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। ट्रेन संख्या 20898 रांची से सुबह 5.15 बजे खुलेगी और मुरी, कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटा और खड़गपुर होते हुए हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, हावड़ा से ट्रेन संख्या 20897 दोपहर 3.45 बजे खुलेगी और रात 10.50 बजे रांची पहुंचेगी।

## विभिन्न स्टेशनों के लिए ट्रेन का किराया (रुपये में)

| स्टेशन | कैटरिंग के साथ (इसी) | बिना कैटरिंग(इसी) | कैटरिंग के साथ (सीसी) | बिना कैटरिंग |
|---|---|---|---|---|
| रांची-हावड़ा | 2200 | 2045 | 1155 | 1030 |
| मुरी- हावड़ा | 1980 | 1825 | 1040 | 920 |
| कोटशिला-हावड़ा | 1915 | 1760 | 1010 | 890 |
| पुरुलिया-हावड़ा | 1790 | 1635 | 955 | 830 |
| चांडिल-हावड़ा | 1640 | 1485 | 875 | 755 |
| टाटा-हावड़ा | 1510 | 1355 | 810 | 685 |
| खड़गपुर-हावड़ा | 1055 | 900 | 585 | 460 |
| रांची-पुरुलिया | 1070 | 915 | 590 | 470 |
| रांची-टाटा | 1390 | 1235 | 750 | 625 |
| रांची-खड़गपुर | 1825 | 1670 | 960 | 840 |

## न्यूज रील्स

### लीला पैलेस में राघव-परिणीति ने लिये सात फेरे

उदयपुर। आप सांसद राघव चड्ढा और एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा आखिरकार सात जन्मों के लिए एक-दूजे के हो गये। रविवार के दिन जोड़ा अपने परिजनों और करीबियों की मौजूदगी में शादी के बंधन में बंध गया है और इस भव्य शादी का साक्षी उदयपुर का होटल लीला एंड ताज पैलेस बना है। इस बिग फैट पंजाबी वेडिंग में राजनीति से लेकर मनोरंजन जगत तक की नामचीन हस्तियां शिरकत करने पहुंची थीं। नवराज हंस ने राघव-परिणीति की फोटो शेयर कर इन्हें बधाई दी है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,100 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 25 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# तीन चुनावी राज्यों के पूर्व सीएम बन गये हैं भाजपा की कमजोर कड़ी

- मध्यप्रदेश में उमा भारती के तेवर से पार्टी नेतृत्व असमंजस में
- राजस्थान में वसुंधरा की गतिविधियां पार्टी के लिए बनी पहेली
- छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह की कार्यशैली से परेशान है भाजपा
- बड़ा सवाल : इन तीन बड़े नेताओं की पहेली को कैसे सुलझायेगी भाजपा

**आजाद सिपाही विशेष**

**अगले दो-तीन महीने में पांच राज्यों- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माने जा रहे इन चुनावों में जीत के लिए हर दल जोर आजमाइश कर रहा है। इन पांच राज्यों में से तीन हिंदी पट्टी में हैं और मध्यप्रदेश में भाजपा सत्ता में है, जबकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का शासन है। इन तीन बड़े राज्यों के एक-एक पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के लिए बड़ी परेशानी बन गये हैं। आक्रामक चुनावी तैयारियों में जुटी भाजपा मध्यप्रदेश में जन आशीर्वाद यात्रा और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा के जरिये सियासत साधने की कोशिश में है। भाजपा के तमाम बड़े नेता लगातार चुनावी राज्यों के दौरे कर रहे हैं, संगठन के पेच कस रहे हैं, कांग्रेस को घेर रहे हैं और चुनाव से पहले पार्टी के लिए सियासी जमीन उर्वरा बनाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तीन पूर्व सीएम के कारण भाजपा की कोशिश परवान चढ़ती नजर नहीं आ रही है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों की चुनावी जमीन पर भाजपा के लिए वोटों की फसल कितनी लहलहाती है, यह तो चुनाव परिणाम आने पर ही पता चलेगा, लेकिन अभी तो पार्टी के लिए इन तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को मैनेज करने की बड़ी चुनौती है। यह सही है कि ये तीनों नेता अब बुजुर्ग हो गये हैं, लेकिन मुश्किल यह है कि पार्टी के पास इन राज्यों में इनके कद का कोई युवा नेता नहीं है। इन तीन पूर्व सीएम को लेकर भाजपा के अंदर क्या गतिविधि चल रही है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

अगले तीन महीने में पांच राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होना है। राज्यों के इन चुनावों को 2024 के आम चुनाव के सेमीफाइनल के तौर देखा जा रहा है। इन प्रदेशों में सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा और कांग्रेस पुरजोर कोशिश कर रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा जहां जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है, वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा के जरिये सियासत साधने की कोशिश की जा रही है। हिंदी पट्टी के तीनों अहम राज्यों में भाजपा-कांग्रेस के बड़े नेताओं के चुनावी दौरे शुरू हो गये हैं। भाजपा इन राज्यों के संगठन के पेंच कस रही है। वहीं परंपरागत वोट बैंक को अपने हक में करने की कोशिशों में जुटी हुई है। लेकिन इन तीनों ही राज्यों में तीन पूर्व मुख्यमंत्री पार्टी के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने खुल कर पार्टी के खिलाफ बयानबाजी कर अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। राजस्थान में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को लेकर पार्टी पसोपेश में है। राजे पार्टी पर चुनाव में उनकी भूमिका स्पष्ट करने को लेकर दिल्ली दरबार पर दबाव बना रखा है, जबकि छत्तीसगढ़ में डॉक्टर रमन सिंह की कार्यशैली से पार्टी परेशान है।

## मध्यप्रदेश: उमा भारती पार्टी के लिए खड़ी कर रही हैं मुसीबत

इन दिनों मध्यप्रदेश में पार्टी की कद्दावर नेता उमा भारती भाजपा से नाराज चल रही हैं। पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत का निमंत्रण नहीं मिलने पर उन्होंने दिग्गज नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। उमा ने साफ कहा था कि औपचारिकता तो निभा देते, भले ही धीरे से आने के लिए मना कर देते। मैं नहीं आती। जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सरकार बनवायी, तो हमने भी भाजपा को एक पूरी सरकार बना कर दी थी। निमंत्रण देने की औपचारिकता तो पूरी कर देते। उमा ने यह भी कहा कि जब पार्टी को जरूरत थी, तो कोरोना पॉजिटिव होने के 11 दिन बाद ही उनको उप चुनाव में प्रचार के लिए बुला लिया गया, जबकि उनकी रिपोर्ट तब तक निगेटिव नहीं आयी थी। इस दौरान उमा ने 2024 का चुनाव लड़ने का भी एलान कर दिया और यह भी कहा कि शिवराज अगर कहेंगे, तो ही प्रचार करूंगी। हाल ही में उमा ने विधानसभा चुनाव में अपने 19 समर्थकों के लिए टिकट की दावेदारी ठोंकी है।



उमा भारती लोधी समुदाय से आती हैं और मध्यप्रदेश से लेकर उत्तरप्रदेश तक में लोधी समुदाय भाजपा का वोट बैंक माना जाता है। मंडल और कमंडल की सियासत के दौर में लोधी समुदाय ओबीसी का इकलौता वोट बैंक था, जो भाजपा के साथ खड़ा था। इसके पीछे लोधी समुदाय से आनेवाले भाजपा के दिग्गज नेता कल्याण सिंह और उमा भारती की अहम भूमिका रही थी। कल्याण सिंह यूपी में तो उमा भारती एमपी में पार्टी का ओबीसी चेहरा थीं। दोनों ही नेता अपने-अपने राज्य में मुख्यमंत्री भी बने। कल्याण सिंह के बाद उमा भारती लोधी समाज की सबसे बड़ी नेता हैं और उन्हें पार्टी में इस आधार पर महत्व भी खूब मिला, लेकिन अब ऐसा नहीं है। उमा भारती इन दिनों भाजपा में अपना पुराना राजनीतिक कद हासिल करने के लिए शराबबंदी से लेकर तमाम मुद्दे उठा रही हैं, लेकिन उन्हें सियासी अहमियत नहीं मिल पा रही है। 230 सदस्यों वाली विधानसभा में करीब 65 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां लोधी समुदाय हार-जीत तय करता है। ऐसे में उमा भारती की नाराजगी से भाजपा के लिए मुश्किल हो सकती है। हाल ही में पार्टी ने उमा को खुश करने के लिए उनके भतीजे और खरगापुर विधानसभा से पहली बार विधायक बने राहुल सिंह को शिवराज सरकार में राज्यमंत्री बनाया है।

## राजस्थान: वसुंधरा राजे की नाराजगी पार्टी को पड़ सकती है भारी

राजस्थान की राजनीति में भाजपा का पर्याय बन चुकी वसुंधरा राजे सिंधिया पार्टी में अपना सियासी कद बचाने की जद्दोजहद में जुटी हुई हैं। लंबे समय से हाइकमान और राजे के बीच उठापटक की खबरें सामने आ रही हैं। यह पहली बार है कि विधानसभा चुनाव के लिए बनी सभी अहम कमेटियों से राजे गायब हैं। पार्टी के पोस्टरों से भी वसुंधरा का चेहरा नदारद है। जन्मदिन की रैली और धार्मिक यात्रा के जरिए राजे जरूर अपनी ताकत का एहसास करने से भी नहीं चूक रही हैं।

दरअसल, भाजपा इस बार प्रदेश में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने से बचती हुई दिखाई दे रही है। पार्टी सामूहिक नेतृत्व के फॉर्मूले, पीएम मोदी के नाम और काम पर वोट मांग रही है। लेकिन राजे को मैनेज करने के लिए भी पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पीएम मोदी की रैली हो या फिर अमित शाह की, हर जगह मंच पर वसुंधरा नजर आ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जब राजस्थान के सांसदों के साथ बैठक की, तब भी वसुंधरा को बुलाया गया। एक तरफ पार्टी पूर्व सीएम का चेहरा घोषित नहीं कर रही और दूसरी तरफ मैनेज भी कर रही है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि ऐसा क्यों है, क्योंकि प्रदेश की दो सौ सीटों में राजे करीब 65 सीटों पर सीधा प्रभाव रखती हैं। राजपूत और जाट वोटरों पर उनका अच्छा प्रभाव है। जाति-समुदाय की भावना से ऊपर उठ कर हर जाति-वर्ग की महिलाओं में भी वह बहुत लोकप्रिय हैं। इसके अलावा राजस्थान भाजपा में वसुंधरा के कद का कोई दूसरा नेता नहीं है। पार्टी इन सभी तथ्यों को समझ रही है और चुनाव से पहले वसुंधरा की नाराजगी का खतरा मोल लेने से बचती हुई दिखाई दे रही है।


## छत्तीसगढ़: 2018 के बाद साइड लाइन हैं रमन सिंह

छत्तीसगढ़ में भाजपा फिर से सत्ता पर काबिज होने के लिए पुरजोर मेहनत कर रही हैं। अमित शाह आये दिन प्रदेश का दौरा कर रहे हैं, जबकि कई बड़े नेताओं ने सूबे में डेरा डाल लिया है। पार्टी के दिग्गज नेता जरूर सक्रिय दिख रहे हों, लेकिन प्रदेश के पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह उतने सक्रिय नजर नहीं आ रहे। इसे लेकर लगातार पार्टी के भीतर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, पूर्व सीएम सिंह की पकड़ अब न जनता पर उतनी मजबूत रही और न ही पार्टी पर। तीसरे कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे। रमन सिंह की ऐसी छवि बन गयी कि उनकी सरकार अफसरशाही चला रही है। इससे भाजपा को चुनाव में इसका नुकसान भी उठाना पड़ा और पार्टी 15 सीटों पर सिमट गयी। रमन सिंह के पास अपना कोई खास वोट बैंक नहीं है। इसलिए पार्टी भी जानती है कि उनके एक्टिव होने से पार्टी को कोई लाभ नहीं होगा। इसलिए नेतृत्व भी उन्हें ज्यादा तरजीह देने से बच रहा है।

2023 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बीजेपी सीएम पद के लिए कोई चेहरा आगे किये बिना सामूहिक नेतृत्व में जाने की बात कर रही है। इसका एक कारण यह भी है कि जब छत्तीसगढ़ में भाजपा ने पहली बार सरकार बनायी थी, तब भी पार्टी ने सीएम फेस के रूप में किसी चेहरे को आगे नहीं किया था। 2003 चुनाव के समय डॉक्टर रमन सिंह छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष थे। भाजपा की जीत के बाद श्रेय उनके नेतृत्व को गया और प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते सीएम पद पर पार्टी ने उनकी ताजपोशी कर दी। लेकिन 2018 में कांग्रेस ने सामूहिक नेतृत्व का फॉर्मूला अपनाया और भाजपा को प्रदेश की सत्ता से बाहर कर दिया। भाजपा पांच साल बाद सत्ता में वापसी के लिए फिर से सामूहिक नेतृत्व के फॉर्मूले पर ही लौटती नजर आ रही है, लेकिन पार्टी रमन सिंह को कैसे मैनेज करती है, यह देखने वाली बात होगी।

## पार्टी के पास इनका विकल्प नहीं

इन तीन राज्यों में भाजपा की एक परेशानी और है। वह यह है कि भाजपा के पास इन तीनों नेताओं का विकल्प नहीं है। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान अब चुके हुए नजर आ रहे हैं और पिछड़े वोट बैंक पर उनकी पकड़ पूरी तरह कमजोर हो चुकी है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को उतनी तरजीह देकर भाजपा खतरा मोल नहीं लेना चाहती है। राजस्थान में नरेंद्र सिंह तोमर और गजेंद्र सिंह शेखावत पार्टी का चेहरा हैं, लेकिन उनका कद वसुंधरा की तुलना में बहुत छोटा है। छत्तीसगढ़ में भी यही स्थिति है। ऐसे में भाजपा इन तीन राज्यों की इस बड़ी पहेली को कैसे सुलझायेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।


(25 सितंबर, 2023)

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 118वीं जयंती पर विशेष

# दीनदयाल जी के सपनों का भारत गढ़ रहे प्रधानमंत्री मोदी


शिवपूजन पाठक

दीनदयाल उपाध्याय एक संघर्षशील व्यक्तित्व, महामानव का दूसरा नाम है। जन्म से जीवन यात्रा के विराम तक संघर्षों की पराकाष्ठा। पहाड़ों से चढ़ते उतरते झरनों की तरह निर्मल जल रूपी जीवन सामाजिक राजनीतिक जीवन की वैचारिक प्यास बुझाने में अद्वितीय स्त्रोत बना। भारतीय जनसंघ के प्रेरणा पुंज, महान चिंतक और लेखक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तरप्रदेश में मथुरा के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी दीनदयाल में ईश्वर ने अद्वितीय प्रतिभा भरी थी। अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वह विद्यार्थी जीवन में भी यायावर बने रहे और अपने परिजनों की असामयिक मौत को बहुत नजदीक से देखा।

स्नातकोत्तर तक की परीक्षाओं में अव्वल रहने वाले, स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने परिवार की आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप बड़े पदाधिकारी बन कर परिवार बसा कर गृहस्थी चलाने के विपरीत एक अविवाहित सेवा व्रती के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रचारक बनना स्वीकार किया।

वर्ष 1951 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय विचारों से ओतप्रोत राजनीतिक दल जनसंघ की स्थापना की, तो आरएसएस की योजना से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने मात्र 33 वर्ष की आयु में जनसंघ के राष्ट्रीय महासचिव का गुरुत्तर दायित्व संभाला।

इधर जनसंघ फैलता गया, उधर दीनदयाल जी की अद्वितीय प्रतिभा का देश समाज को दर्शन होता गया। साम्यवाद, पूंजीवाद, समाजवाद के बीच जूझती दुनिया को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का सार्वग्रह्य दर्शन दिया। उन्होंने अंत्योदय को विकसित राष्ट्र जीवन का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी को पहुंचाये बिना सारे प्रयास अधूरे हैं। कोई महल तभी लंबे समय तक टीका रह सकता है, जब उसकी नींव मजबूत हो। दीनदयाल जी के अंत्योदय और एकात्म मानववाद में विश्व बंधुत्व का ही भाव छुपा है। लेकिन राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना को जगाये बिना ये दोनो विचार अधूरे हैं।

दीनदयाल जी ने व्यष्टि से समष्टि तक के चिंतन दिये। साम्यवाद की एकांगी विचारधारा कमाने वाला ही खायेगा को नकारते हुए उन्होंने कहा कमाने वाला खिलायेगा। यही भारतीय दर्शन है। क्या बच्चे, बुजुर्ग, दिव्यांग नही कमा सकते, तो उन्हे भूखा छोड़ दिया जाये। उन्होंने विकास की पाश्चात्य अवधारणा को नकारते हुए देशी हुनर, ग्रामीण कुटीर उद्योगों को आत्मनिर्भर भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना।

जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा में दीनदयाल जी का विचार प्रकाश पुंज बना हुआ है। राष्ट्रीय एकात्मता के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर जिस सांगठनिक यान का प्रक्षेपण डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था, उसे पूरी तरह धरातल पर उतारने का कार्य भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। इनके नेतृत्व में अंत्योदय, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद तीनों साकार हो रहे।

गांव, गरीब, किसान, शोषित, पीड़ित वर्ग की सेवा ही तो अंत्योदय है। आज चाहे जन धन खाता हो, या किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फिर उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण हो या गरीब कल्याण अन्न योजना, अटल पेंशन योजना हो या पीएम विश्वकर्मा योजना सभी योजनाएं अंत्योदय को समर्पित हैं। अंत्योदय के चिंतन ने देश को आदिवासी महिला राष्ट्रपति दिया। अंत्योदय की सोच ने ही वैसे तपस्वियों, साधकों और देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों तक पद्म अलंकरण पहुंचाये, जिनके बारे में देश अनभिज्ञ था।

अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ती यह विकास यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की गलियों से गुजरना नहीं भूल रही। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण, काशी विश्वनाथ का दिव्य स्वरूप, महाकाल कोरिडोर निर्माण ने भारत के सांस्कृतिक गौरव को प्रतिष्ठित किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी भारत की सनातन परंपरा यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता की अभिव्यक्ति है।

आज विश्व मंच पर भारत की उपस्थिति अंगद के पांव की तरह जम गयी है, लेकिन भारत इस अहंकार में नही है। कोरोना की विकट परिस्थितियों में भी भारत दुनिया का सहारा बना। गरीब देशों, जरूरतमंदों की सहयता की । जी 20 सम्मेलन की अध्यक्षता में भारत ने दुनिया को नयी दिशा दी। एक पृथ्वी, एक परिवार की थीम ने विश्व बंधुत्व को मजबूत किया।

आज भारत की आजादी के अमृत काल में तिरंगे की ताकत बहुत बढी है, लेकिन यह ताकत लोगों को डरा नहीं रही ,बल्कि सहारा दे रही। क्रूर काल ने 11 फरवरी 1968 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय को हम सबसे असमय ही छीन लिया, लेकिन आज अपने प्रेरक विचार के रूप में वह जन जन में अमर हैं।

**(लेखक : भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी हैं।)**

# आपराधिक गिरोह पर लगाम लगायें : डीजीपी

**अवैध खनन पर हरहाल में रोक लगे यह सुनिश्चित करें**

**बोकारो रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ डीजीपी ने की समीक्षा बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो निवास सभागार में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बोकारो रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। रविवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने धनबाद और बोकारो जिले के एसएसपी, एसपी को संगठित आपराधिक गिरोह और अवैध खनन पर लगाम लगाने को कहा। डीजीपी ने बोकारो रेंज में संगठित आपराधिक गिरोह, अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण, अवैध खनन, कोयला तस्करी और नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान पर भी चर्चा की। इसके अलावा डीजीपी ने हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गृहभेदन, स्नेचिंग, आर्म्स एक्ट, फिरौती के लिए अपहरण, बलात्कार, पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज कांड और उसके निष्पादन पर चर्चा की।

### फरार अपराधियों के खिलाफ इनाम घोषित करने का निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि झारखंड ने वैसे गैंगस्टरों पर हर संभव कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जो राज्य से बाहर या विदेशों से अपने गिरोहों का संचालन करते हुए रंगदारी वसूल रहे हैं। जेल से छूटे अपराधकर्मियों का बेल कैन्सिलेशन कराने, स्पीडी ट्रायल कर अपराधियों को सजा दिलाने और फरार अपराधकर्मियों के खिलाफ नियमानुसार पुरस्कार की घोषणा करने का निर्देश दिया।

### अवैध खनन पर पूर्णतः रोक और कार्रवाई करें

डीजीपी ने अपराध नियंत्रण के लिए की गयी कार्रवाई की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने ड्रग्स (नारकोटिक्स) नेटवर्क और अवैध शराब व्यवसाय से जुड़े अपराधकर्मियों का पता करते हुए आखिरी संलिप्त अपराधकर्मी तक पहुंच कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही कोयला, आयरन, बालू और पत्थर के अवैध खनन पर पूर्णतः रोक लगाने और उस पर आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये।




# शिक्षा-स्वास्थ्य पर ध्यान दे राज्य सरकार : बंधु तिर्की

**आजादी के 75 साल बाद भी मैक्लुस्कीगंज और खलारी क्षेत्र में डिग्री और बीएड कॉलेज तक का नहीं होना दुर्भाग्य की बात**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राज्य सरकार से कहा है कि वह राजधानी से केवल 65-70 किलोमीटर दूर रांची जिले में ही अवस्थित खलारी और मैक्लुस्कीगंज में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत संरचनाओं के विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करे। श्री तिर्की ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी पर्यटन और उद्योग के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, बीएड और नर्सिंग कॉलेज तक का नहीं होना अफसोस की बात है। श्री तिर्की ने कहा कि स्वास्थ्य के मामले में भी इस क्षेत्र की स्थिति निराशाजनक है और सरकार को इस मामले को बेहद गंभीरता से लेने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे गये पत्र में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज एक एंग्लो इंडियन गांव है, जिसकी प्रसिद्धि भारत की सीमा से बाहर विदेशों तक में है। उन्होंने कहा कि ना न केवल पर्यटन या उद्योग, बल्कि ब्रिटिश शासन काल में इस क्षेत्र ने जिस-जिस पड़ाव से गुजरते हुए जैसे घटनाक्रमों को देखा है और जैसी करवटें ली हैं, उसे संजीवनी की जरूरत है। श्री तिर्की ने कहा कि आज यहां की स्थिति इतनी बदहाल है कि कॉलेज के अभाव में यहां की छात्राओं को मांडर और रांची तक जाना पड़ता है।




## रिक्शा चालक की बेटी का बीएसएफ में चयन

गिरिडीह। कहते हैं यदि मन में कुछ करने की इच्छा हो, तो कोई भी परिस्थिति आड़े नहीं आ सकती है। सतत प्रयास और निरंतर मेहनत के बल पर उसे हासिल किया जा सकता है। इस कथन को सत्य साबित की है गिरिडीह की बेटी काजल कुमारी ने। काजल का बीएसएफ में फाइल सिलेक्शन हुआ ह।. वह अब सीमा पर देश की सुरक्षा में तैनात होगी। उसकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। गिरिडीह के बेंगाबाद प्रखंड के काजल कुमारी के पिता नागेश्वर मंडल मुंबई में रिक्शा चलाते हैं। उसी से परिवार का भरण पोषण होता है, लेकिन बेटी के मन में शुरू से वर्दी की चाह थी। लिहाजा अपने लक्ष्य पर केंद्रित काजल इसके लिए कड़ी मेहनत कर दौड़ निकालने के बाद लिखित परीक्षा भी पास की। उसके बाद मेडिकल में भी फीट पायी गयी और मेरिट लिस्ट में उसका नाम आया है। काजल ने बताया कि जिला मुख्यालय से गांव दूर होने के कारण पढ़ाई-लिखाई की कोई खास व्यवस्था नहीं है। गांव में ही रह कर यूट्यूब से पढ़ाई की। वहीं दौड़ के लिए मैदान जाया करती थी। काजल की 12वीं तक की पढ़ाई घूटिया उच्च विद्यालय बेंगाबाद और ग्रेजुएशन गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह से हुई है। उसने बताया कि 27 सितंबर तक उसे ज्वॉइन करना है। इसके बाद 11 माह की ट्रेनिंग होगी, फिर सीमा पर तैनाती दी जायेगी।

## मछली मारने गये दो युवकों की नदी में डूबने से मौत

गोड्डा। जिले के बसंतराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहरा टोला गांव के पंजाबी राय (35) और मुन्ना राय (32) गांव के ही शीतली नदी में शनिवार शाम मछली पकड़ने गये थे। इसी बीच एक मृत मवेशी आकर फंस गया। दोनों उसे हटाने के लिए नदी में कूद गये। इसके बाद काफी देर तक निकल नहीं पाये। नदी से काफी देर तक बाहर नहीं आने पर पंजाबी राय का बेटा चिल्लाने लगा। आसपास के ग्रामीण जुट गये। देर शाम होने के कारण रविवार सुबह दोनों का शव पुलिस की मौजूदगी में निकाला गया।






## खनन विभाग की कार्रवाई, तीन वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक, एसीएफ हजारीबाग तथा बड़कागांव और सदर प्रक्षेत्र के वनकर्मी के द्वारा शनिवार रात्रि संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुकुंदगंज चौक के पास बड़कागांव की तरफ से आ रही तीन हाईवा संख्या जे एच 02 ए आर 9629, जे एच 02एपी 2423 और जे एच 02 ए एक्स 1633 को अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करने के बाबत जब्त किया। साथ ही दो वाहन चालक दुलारचन्द्र कुमार मेहता और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर अवैध कार्य में लिप्त बालू कारोबारी यदु प्रसाद दाँगी एवं अनिल कुमार पर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि अवैध खनिज परिवहन की जांच लगातार जारी रहेगी और इसमें संलिप्त अवैधकर्ताओं के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## छात्र छात्राओं ने किया उम्दा प्रदर्शन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** शारदा आवासीय कोचिंग सेंटर हदारी का प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उम्दा प्रदर्शन रहा। इस वर्ष इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग के लिए कोचिंग से 12 छात्राएं परीक्षा में भाग ली, जिसमें 11 छात्राएं सफल रहीं। जबकि नेतरहाट आवासीय विद्यालय दुमका के लिए 19 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 18 छात्र सफल हुए। इस उपलब्धि पर कोचिंग के निर्देशक ब्रजकिशोर प्रसाद मेहता ने कहा कि बच्चों का लगन के साथ शिक्षकों का समर्पण भाव के कारण यह रिजल्ट मिला है। वहीं कोचिंग की व्यवस्थापिका सुमित्रा देवी ने कहा कि प्रेम के साथ कोचिंग परिवार के समर्पण भाव से हम बेहतर करते आए हैं और आगे हमारी जिम्मेवारी और भी बढ़ जाती है। कोचिंग के सबसे पुराने शिक्षक प्रोफेसर राजेंद्र ने कहा कि आज भी बच्चों में रिजल्ट प्राप्त करने के लिए सर्वस्व न्यौछावर का भाव हतप्रभ करता है।

## राजस्थान में हो रहे एक्सपोजर विजिट में बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी का चयन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत समिति प्रमुख के लिए राजस्थान में एक्सपोजर विजिट का आयोजन 26 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक किया जा रहा है। जिसमें बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी का भी चयन किया गया है। यात्रा टिकट विभाग के द्वारा आरक्षित किया गया है, जो रांची से दिल्ली आने जाने के लिए है। इस विजिट में प्रमुख को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसके सहारे क्षेत्र में कार्य करने में सहूलियत होगी। एक्सपोजर विजिट में चयन होने पर बड़कागांव पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख फुलवा देवी को बधाई दी है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से उप प्रमुख बचनदेव, पंपस रितेश, उपेंद्र कु, प्रभु, राजा, कृष्ण, बभनी, रमणिका, गणेश, मालती, उर्मिला, संगीता कुमारी, राखी, गीता, सुमन, मेघा, किशोर बेदिया और सुनीता देवी के अलावा दर्जनों लोग हैं।

## केरेडारी के जोरदाग में दुर्गा पूजा समिति का गठन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जोरदाग में गांव में स्थानीय ग्रामीणों की एक बैठक रविवार को शिव मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता उदय लाल गुप्ता और संचालन राम कुमार साव ने कियो इस बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने आगामी आश्विन दुर्गा पूजा के सफल आयोजन हेतु एक समिति का गठन कियो साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा धूम धाम से शांति सौहार्द पुर्ण वातावरण में प्रशासनिक दिशा निर्देश के मुताबिक मनाने का निर्णय लियो इसके लिए जोरदाग दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गयो जिसमे अध्यक्ष श्याम देव साव,सचिव हीरामन महतो,कोषाध्यक्ष ज्ञान कुमार पासवान और उपाध्यक्ष बलदेव साव को बनाया गया है साथ हीं पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रमो के सफल संचालन के लिए 21 कार्यकरिणी सदस्य का भी चयन किया गया है दुर्गा पूजा समिति में संरक्षक मंडली में केरेडारी प्रमुख सुनीता, उदय लाल, प्रेम रंजन, अनिल, संजय, रूपलाल, तुलसी, अमित सहित कई लोग मौजूद थे।

## 876 नव साक्षर परीक्षा में हुए शामिल



**इचाक (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग के निर्देश पर नव भारत साक्षरता अभियान के तहत इचाक प्रखंड के 876 नव साक्षर महिला पुरुषों ने आकलन परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 124 अनुपस्थित रहे। प्रखंड के 19 पंचायतों के मुख्यालय स्कूलों को केंद्र बनाया गया था। जहां पंचायत के नव साक्षरो ने परीक्षा लिखा। बीईईओ बंशीधर राम और प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक चंद्रधारी प्रसाद ने बताया की सभी पंचायतों में कुल एक हजार 15 से 35 आयु वर्ग के नव साक्षरों का पंजीयन कराया गया था, जिसमें 876 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमे 652 महिला और 224 पुरुष शामिल हैं। सभी परीक्षा केंद्रों में मध्य विद्यालय एवम उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक को केंद्राधीक्षक बनाया गया था।

## आजसू पार्टी के महाअधिवेशन को सफल बनाने को लेकर बैठक, ग्राम प्रभारी की हुई नियुक्ति



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा आगामी 29, 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को रांची में आयोजित होने वाले महाअधिवेशन को सफल बनाने को लेकर चंदौल पंचायत में बैठक किया ।इसकी अध्यक्षता संतोष सिन्हा व संचालन मोहम्मद रफीक ने किया ।जिसमें आगामी 29-30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को होने वाले महा अधिवेशन को सफल बनाने के लिए चंदौल पंचायत में ग्राम प्रभारी की नियुक्ति किया गया। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह एवं प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा की उपस्थिति में चंदौल हरिजन मोहल्ला से संतोष, उमेश, ललन, पुन्दोल से अवधेश, रफीक,रामेश्वर, उदय, राम यादव, महेंद्र, सुनील, संगीता, रिजवान खातून, सोती से जितेंद्र रजवार ,संतोष रजवार, लोकरा से महेश महतो, गुड्डू, छोटकी मंहुगाई से गौतम प्रजापति, संतोष राणा को बनाया हैं।

## भाजपाइयों ने मोदी की मन की बात को सुना और देखा



**बड़कागां (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने नापों खुर्द पंचायत अंतर्गत बुथ संख्या 210,211 में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण को मोबाइल व टीवी पर सुना व देखा गया।

### टाटीझरिया के अमनारी और भराजो में एक ही रात तीन घरों में चोरी

# बड़े अरमान के साथ संजो कर रखे थे बेटी की शादी के लिए गहने

**बेटी के शादी के लिए रखा गया था जेवरात**

**चोरों ने जिन घरों में चोरी किया उसके आस पास के घरों के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया गया।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के अमनारी में आदित्य आलोक पिता राजेंद्र महतो, सबिता देवी पति शैलेश पासवन और भराजो में गीता देवी पति हरि प्रजापति के घर शनिवार रात को ताला तोड़ गहना समेत नगद का चोरी चोरों ने कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भराजो में गीता देवी मेहमानी गयी थी घर पर बेटा बेटी छत के उपर कमरा में सो रही थी चोरों ने नीचे का ताला तोडकर घर में रखे पायल, सिकडी, सोना का कान वाला समेत नगद 15000 का चोरी कर लिया। अमनारी में आदित्य आलोक परिजनों के साथ मिट्टी के घर में सो रहा था बगल के दो घरों में चोरों ने बाहर से सिटकुनी लगा दिया था वही दुसरे छत घर जिसमें पानी टपकता है और गिरने के कागार पर है उस घर में रखा सोना का कान वाला, चांदी का पायल, बेरा, सिकडी समेत 10000 नगद का चोरी चोरों ने किया। इसके अलावा एक ही आंगन में बने घर सबिता देवी पति शैलेश पासवन, उषा देवी और मों बढनी जो हजारीबाग में रहता है उसके घर में चोरों ने ताला तोडकर सारा समान ले गया जिसमें सबिता देवी अपनी बेटी के शादी के लिए जेवर बना कर रखी थी उसे भी हाथ साफ कर लिया जिसमें सोना का कान का झुमका, एक जोडा कान का फूल, अंगूठी एख जोडा, मंगलसुत्र, चांदी का हार, सिकड़ी, लोकेट, पायल दो जोडा, बिछिया, नाक का समेत जरूरी कागजत ले भागा। वही सबिता की सास मो बढनी के कमरा से बक्सा ले भागा जो कुछ दुर जाकर उसमें रखा समान कान वाला और नगद 5000 निकाल कर बक्सा छोड दिया। इसके अलावा सबिता की गोतनी उषा देवी के कमरा से जरूरी कागजत और नगद 2500 को साफ कर लिया। चोरों ने जिन घरों में चोरी किया उसके आस पास के घरों के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया गया। चोरी की सूचना मिलते ही टाटीझरिया थाना से एएस आई बीपीन कुमार झा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया।

### प्रेरणा शाखा ने किया अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस का आयोजन

# बेटियां समाज की पूंजी हंः शालिनी गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** अन्तर्राष्ट्रीय बेटी दिवस को लेकर प्रेरणा शाखा ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प को फिर से दोहराया। आज के परिपेक्ष में लक्ष्मी का वरदान है बेटी, धरती पर भगवान है बेटी, बेटी के नारों को बुलंद भी किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने इस अवसर कहा कि हमें गर्व है कि बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। बेटियां आज समाज की पूंजी है, और बेटा अंश है तो बेटी वंश है, बेटा आन है तो बेटी शान है। बेटियां खुशियों का प्रतीक भी है जिस प्रकार से घर की शोभा रंगोली या अल्पना से बढ़ती है, उसी तरह बेटियां परिवार की शोभा को बढ़ाती है। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केड़िया ने कहा कि आज भी बेटियों की चाह ना होने पर भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसे कृत किए जाते हैं ।बाल विवाह पहले से कुछ कम हुआ है लेकिन कन्या भ्रूण हत्या आज भी व्याप्त है। ऐसे में मारवाड़ी युवा मंच एवं उनकी इकाइयां प्रेरणा शाखा, सुरभि शाखा, जागृति शाखा, समर्पण शाखा, समृद्धि शाखा की महिलाएं समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चल रही हैं। आज हम अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर यह संकल्प लेने की जरूरत है की बेटियों की भ्रूण हत्या न करें और समाज को एक अनुकरणीय इतिहास बनाने में सहयोग करें। सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी है, बेटियां घर में उजाला करती हैं। अगले 20 दिनों के बाद नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है और इसमें 9 बेटियों का पूजन भी किया जाता है। इस अवसर पर केक काटकर इस दिवस को मनाया गया। इस कार्यक्रम में काजल, प्रीति केड़िया, प्रगति आदि उपस्थित थे।

### कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के प्रदेश संजोजक बने उमेश पांडेय

**समाज को आगे बढ़ाने के लिए त्याग की आवश्कताः केदारनाथ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्रह्मण समाज के कार्यकारिणी की बैठक हुरहुरु महेंद्र जी की आवास में ही गयी जिसकी अधक्षता प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा ने किया और संचालन सुरेश पांडेय ने किया बैठक की मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाने और कोश को संग्रह कर विकास कार्य करने की है बता दे की कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्रह्मण समाज के प्रदेश स्तर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष और पदाधिकारी गण का शपथ ग्रहण समारोह पिछले माह 11 अगस्त 2023 को हुआ था उसी की संगठन मजबूती को लेकर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक और कोश की पहल को लेकर की गयी सर्व सम्मति से एक स्वर में सभी बोले की कोश की आवश्यकता बहुत ही जरूरी है कोश रहने से ही संगठन को आगे बढ़ाने और मजबूती के लिए बहुत हो जरूरी है 6 माह या 12 माह में जमा करना सुनिश्चित हुआ समाज ही हम सभी का रीढ है जो भी जिले के पदाधिकारी और सदस्य गणों का डॉक्टर शंभू नाथ, भृगु नंदन पांडेय सरयू ने प्रदेश संयोजक उमेश के साथ सभी को सपथ ग्रहण करवाया गया प्रदेश अध्यक्ष पंडा ने कहा की अभाव में और न ही पैसे की अभाव के कारण कोई ब्रह्मण इलाज से वंचित नही रह सकता वार्षिक किस्त 1000 रुपया तीन किस्त में जमा करना है ताकि समाज का विकास हो सके बाकी सलाहकार समिति के सदस्य एवम कार्यकारिणी सदस्य जो भी समाज के उत्थान के लिए जो भी देना चाहेंगे दे सकते है।

## आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय में मनाया प्रकृति का पर्व करमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** प्रखंड के सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में प्रकृति का पर्व करमा धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय की छात्राओं के द्वारा झारखंड की संस्कृति को जागृत करते हुए करमा का त्यौहार मनाया। विद्यालय के प्राचार्य प्रो दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से करमा एक है। इसलिए झारखंड के सभी क्षेत्रों में इस त्यौहार को धूमधाम से मनाया जाता है। विशेष कर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में इस त्यौहार की अपनी अलग महत्व रहता है। वहीं निदेशक रामदेव ने भी करमा के अवसर पर समस्त प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिया।

# नगवां मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन

**फुटबॉल मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और अनुशासित रखता है : मुन्ना सिंह**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नगवां नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को भव्य शुभारंभ नगवां हवाई अड्डा टोल प्लाजा के मैदान में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह व विशिष्ट सदर प्रमुख वीणा देवी, सिंदूर मुखिया सरोज देवी, नगवां मुखिया विनय कुमार फीता काट कर शुभारंभ किया फुटबॉल को किक मारकर बतौर मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने टूर्नामेंट की शुरूआत किया मुन्ना सिंह ने टूनामेंट में शामिल खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। फुटबॉल खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और अनुशासित रखता है फुटबॉल एक वैश्विक खेल है जो दुनिया के सबसे प्रसिद्ध खेल है। दुनिया के ज्यादातर लोग फुटबॉल खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए नशा को छोड़ने के लिए अपील किया जा रहा है। कहा कि नशा सारी बीमारियों की जड़ है। उन्होंने नाश करने वाले युवाओं से विशेष तौर पर आह्वान करते हुए कहा कि नशा घरेलू हिंसा की जड़ है। नशा से कई परिवार की जिंदगियां बर्बाद होती हैं। उन्होंने नशा मुक्ति को सशक्त बनाने के लिए खेल को बेहतरीन माध्यम बताया। मुखिया विनय ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि नियमित रूप से फुटबॉल खेलने वाले लोगों का स्वास्थ्य हमेशा अच्छा होता है। उत्साह और रोमांच से भरपूर इस फुटबॉल मैच में दर्शकों ने खूब आनंद उठाया खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए जमकर तालियां बजाई तालियों की गड़गड़ाहट से पुरा खेल मैदान गुंज उठा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## झुमरीतिलैया में रसोइया संघ की हुई बैठक




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया साहू धर्मशाला में रसोईया संघ की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता रसोईया सोनिया देवी ने की। बैठक में उपस्थित चंदवारा पूर्वी जिला परिषद सदस्य महादेव राम, एटक के जिला सचिव सरिता रानी, एटक प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने मुख्य रूप से भाग लिया। बैठक में सभी रसोइया ने निर्णय लिया कि हम सभी रसोइया को अपने अधिकार लड़ना होगा। जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि रसोईया संघ को मजबूत करने की जरूरत है। अपने लड़ाई के लिए सभी रसोइया एक होकर सरकार से लड़ना होगा। एकता में बल है। रसोईया सबसे कमजोर मजदूर है। सचिव सरिता रानी ने कहा कि रसोइया बहनों को हम सब मिलकर मदद करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने कहा कि गांव-गांव जाकर स्कूल जाकर सभी रसोइया बहनों को जागरूक करेंगे और सभी को यूनियन से जोड़ने का काम करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया 29 अक्टूबर को रसोईया संघ का जिला सम्मेलन साहू धर्मशाला में होगा। इसमें कोडरमा जिला के सभी रसोइया भाग लेगी और आगे आंदोलन का तैयारी करेंगे।

## सुंदरीकरण को लेकर समिति का गठन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के बीचो बीच स्थित प्राचीन पंचमंदिर की सुन्दरीकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमे कई हिन्दू संगठन तथा समाजसेवी उपस्थित हुए। सभी ने एक स्वर मिलाकर पंचमंदिर के सुन्दरीकरण की बात रखी। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार गुप्ता तथा संचालन शशि भुषण केशरी ने कीया। लोगों का कहना है कि पंचमंदिर हजारीबाग में रहने वाले सभी सनातनी की आस्था का केन्द्र है तथा वर्तमान मे मंदिर की स्थिति जर्जर हो रही है और समय रहते मंदिर का सुन्दरीकरण होना चाहिए। काफी समय से मंदिर को ना कलर किया गया है ना ही कायाकल्प की गई है। इसलिए सभी संगठन तथा समाजसेवियों ने मिलकर मंदिर की सुन्दरीकरण का बीड़ा उठाया है। पंच मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता तथा महासचिव शशि भूषण केशरी बनाए गये। कमेटि के उपाध्यक्ष में सुजीत, विशाल, अमन, बप्पी करण, आनंद, सचिव रितेश कुमार सिंह, सुनील सिंह, सुरेन्द्र, सुबोध, कुश, मनोज मेहता कोषाध्यक्ष दीप प्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूपेश, सुनील, दिलचंद गुप्ता, सुरेन्द्र, विकास हरि, सुचना सह मीडिया प्रभारी रोहित रजक, सह सचिव देवेन्द्र कुमार, अनिल यादव, अनुज रौनियार, संदीप, दीपक देवराज, मुंशी, जागेश्वर, शंकर कुमार, दीपक कुमार, पिन्टू कुमार आदि शामिल हैं।

## विदाई समारोह का आयोजन किया गया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त पांच चौकीदार के सेवानिवृत्त होने पर समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई ।मौके पर थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर रामनारायण सिंह ने कहा कि एक दिन सबो को सेवानिवृत्त होना पड़ता है पर सेवा काल के दौरान किये गए बेहतर कार्यो को भुलाया नही जा सकता ।आप घर मे बेहतर तरीके से शेष दिन स्वस्थ्य व दीघार्यु रहे ।उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पुअनि प्रवीण कुमार, अजीत कुमार, उपेंद्र रविदास,अजित कुमार, अनि मनोज कुमार, प्रेम पीटर बाखला, नारायण प्रसाद, के अलावा चौकीदार तुलसी गोप,बलदेव तुरी, महादेव, नन्दलाल महतो, गणेश, बलदेव यादव, नारायण, सुरेंद्र यादव, न्यूम खा, शेख मुबारक, गंगा कुमार यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर निगरानी समिति का बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही द्धप्रखण्ड के झरपो दुर्गा मण्डा प्रांगण मे रविवार को निगरानी समिति का बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने किया बैठक मे सर्बसमिति से यह निर्णय लिया गया कि झरपो मे शारदीय दुर्गा पूजा बर्ष 1997 से किया जा रहा है। प्रत्येक बर्ष के भांति इस बर्ष भी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया वही समिति के अध्यक्ष सह मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने कहा कि झरपो मे पूजा इस बर्ष चढबढ कर धूमधाम से मनाया जायेगा एपूजा का संचालन निगरानी समिति द्वारा किया जा रहा है और इसमें ग्रामीणों का सहयोग भी रहते आया है यहां का ग्रामीण द्वारा चढ़बढ़ कर पूजा मे भाग लिया जाता है और उम्मीद है कि इस बर्ष भी पूजा मे चढबढ कर हिस्सा लेगें ए समिति का अगामी बैठक 25 सितम्बर को रखा गया है।

## ब्राउन शुगर की जद में फंस इचाक के युवा हो रहे बर्बाद

**इचाक (आजाद सिपाही)।** इन दिनों ब्राउन शुगर के जद में फंस कर इचाक के युवा बर्बाद हो रहे हैं। हर चौक चौराहों पर इसके खरीदार और बेचने वाले देखे जा रहे हैं। बेचने और खरीदने वालों का बोलबाला चल रहा है। 15-16 साल के बच्चे भी इसके चपेट में आ रहे हैं और अपना कैरियर के साथ पैसा भी बर्बाद कर रहे हैं। वहीं नशा के सौदागरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। यह कारोबार रात के अंधेरे के अलावा दिन के उजाले में भी चलाया जा रहा है। यह नेटवर्क अब गांव गांव भी पहुंच चुका है। पहले कम उम्र के युवकों को कम दाम पर ब्राउन शुगर उपलब्ध कराया जाता है फिर जब वे इस नशा का आदि हो जाते हैं तो नशा कारोबारी द्वारा मनमाना दाम वसूला जाता है। सूत्र बताते हैं कि नशा के कारोबारी ब्राउन शुगर की एक पुड़िया को 500 से 1000 रुपए में बेचते हैं। जो नशा के जाल में एक बार फंसता है वह आर्थिक और शारीरिक रूप से बर्बाद होने के बाद भी इस जाल से नही निकल पाता, नही छोड़ पाता।

## ऐसे आयोजन से बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ती है: विधायक नीरा यादव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद की ओर से ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजूकेशन संस्थान मे रविवार को राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल पांच विद्यालयों ने हिस्सा लिया। इसमें कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर, डीएवी पब्लिक स्कूल, विक्रमशिला विद्यापीठ व चाइल्ड प्रोगेसिव स्कूल के शामिल है। प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव, परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद सिंह सचिव कैलाश राणा पूर्व अध्यक्ष जयंती सेठ आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक नीरा यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन से जहां बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ती है, वहीं देशभक्ति गीतों के माध्यम से राष्ट्र प्रेम के जो भाव भरे जाते हैं उस राष्ट्र की समृद्धि सुनिश्चित होती है। ऐसे आयोजन से हमारी एकता, अखंडता, मातृभूमि से प्रेम आदि आदि कई संस्कार का निर्माण होता है। और जिस देश में देश प्रेम का संचार होगा व विश्व गुरु बन जायेगा। कार्यक्रम के परियोजना निदेशक सुनील बड़गवे व प्रवीण बरनवाल के संयुक्त निर्देशन में हुए समूह प्रतियोगिता कार्यक्रम में हिंदी में डीएवी स्कूल व संस्कृत में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर ने अपनी अपनी प्रस्तुति से क्रमश: प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## डीलर पर कम अनाज देने का लगाया आरोप

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के केदलीखुर्द गांव के कार्डधारियों ने पीडीएस डीलर के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया है। कार्डधारियों ने डीलर पर काम अनाज देने का आरोप लगाया है। कार्डधारियों का कहना है कि डीलर के द्वारा प्रति यूनिट मात्र दो किलो राशन दे रहा है। ऐसे में कार्डधारी भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। कार्डधारियों की शिकायत पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार मौके पर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने पीडीएस संचालक से पूरा राशन करने का निर्देश दिया।

## मेरी माटी मेरा देश को लेकर निकाली गयी अमृत कलश यात्रा

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सीआरपीएफ 190 बटालियन द्वारा मेरा माटी मेरा देश को लेकर अमृत कलश यात्रा निकाली गयी। उक्त कार्यक्रम सीआरपीएफ कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देशानुसार रविवार को सहायक कमांडेंट परमवीर सिंह, समन्वय अधिकारी के नेतृत्व में किया गया।

### दशलक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की हुई पूजा

# इंद्रिय संयम के बिना प्राणी संयम नहीं हो सकता : दीपक शास्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में छठे दिन उत्तम सयंम धर्म की पूजा पुरे विधि विधान के साथ किया गया। जलाभिषेक का सौभाग्य श्री दिगंबर जैन मंदिर में अमराव पाटनी, मानिकचंद जैन, अंकित जैन, राहुल जैन, अरुणा जैन, डॉ शरद जैन, रमेश सेठी, विकास सेठी, अमित सेठी, डॉ महेंद्र कुमार जैन और श्री पारसनाथ जिनालय में अमराव देवी पाटनी, मानिक पाटनी को मिला। जबकि, शांतिधारा का सौभाग्य प्रकाश चंद अजमेरा एवं अमराव देवी पाटनी, मानिकचंद जैन को मिला। वही, महाआरती का संजय सेठी, लता सेठी को मिला। मौके पर उत्तम सयम धर्म पर प्रकाश डालते हुए पंडित दीपक शास्त्री ने बताया कि स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र, कर्ण और मन पर नियंत्रण करना इंद्रिय-संयम है। पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय जीवों की रक्षा करना प्राणी संयम है। इन दोनों संयमों में इन्द्रिय संयम मुख्य है। क्योंकि इन्द्रिय संयम प्राणी संयम का कारण है, इन्द्रिय संयम होने पर भी प्राणी संयम होता हैं, बिना इन्द्रिय संयम के प्राणी संयम नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि इंद्रियां बाह्य पदार्थों का ज्ञान कराने में कारण है, इस कारण तो वे आत्मा के लिये लाभदायक हैं, क्योंकि संसारी आत्मा इन्द्रियों के बिना पदार्थों को जान नहीं सकता। पँचेन्द्रिय जीव की यदि नेत्र-इन्द्रिय बिगड़ जावे तो देखने की शक्ति रखने वाला भी आत्मा किसी वस्तु को देख नहीं सकता। परंतु इंद्रियां अपने-अपने विषयों की ओर आत्मा तो आकृष्ट (खींच) करके पथभ्रष्ट कर देती हैं, आत्मविमुख करके आत्मा को अन्य सांसारिक भोगों में तन्मय कर देती हैं, मोहित करके विवेक शून्य कर डालती हैं, जिससे कि सांसारिक आत्मा बाह्य-दृष्टि बन कर अपने फंसने के लिये स्वयं कर्मजाल बनाया करता है। इन्द्रियों का यह कार्य आत्मा के लिये दुखदायक है। मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिकचंद जैन, सह सचिव नरेंद्र जैन, मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया सोमवार को उत्तम तप धर्म की पूजा किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी राहुल जैन पाटनी ने दिया।

## महिला आरक्षण बिल महिलाओं के लिए बनेगा वरदान : जगेश्वर प्रजापति



कुजू (आजाद सिपाही)। उज्जवला फाउंडेशन ने पीएम नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा हाल ही में नए संसद भवन में महिला आरक्षण बिल पारित किए जाने की खुशी पर व पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर मोतीराम काम्प्लेक्स बोंगावार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। बैठक के दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने ध्यानपूर्वक मन की बात को सुना। साथ ही, पीएम मोदी द्वारा बताये गये विषयों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प सबो ने लिया। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण बिल को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए चर्चा की। मौके पर फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि महिला आरक्षण बिल के पारित किए जाने से आगामी समय मे महिला सांसद प्रतिनिधियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। सदस्यों ने पांचवी बार सांसद जयन्त सिन्हा को वित्त संबंधी स्थाई समिति अध्यक्ष चुने जाने पर व भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बधाई दिया है। मौके पर प्रकाश केसरी, जनक प्रसाद, सुखदेव, गुनीता, देवंती, किरण, पारो, स्वाति, निरासो, समेत दर्जनों सदस्य शामिल रहे।

## 1 अक्टूबर को शहर के नौ चिह्नित स्थानों पर सफाई अभियान में शामिल होंगे नागरिक



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारत देश के सभी छावनी परिषद क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 15 सितंबर से शुरू हुए इस कार्यक्रम को अंतिम रूप 2 अक्टूबर को दिया जायेगा। लेकिन 1 अक्टूबर को पूरे देश भर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में आम नागरिकों की सहभागिता होगी। रविवार को छावनी परिषद के पदाधिकारी श्रीनिवास राव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आम नागरिक श्रमदान कर रामगढ़ शहर को साफ बनाएंगे। उन्होंने बताया कि शहर में नौ स्थानों को चिन्हित किया गया है। आम नागरिकों से अपील है कि वह अपने वार्ड के साथ-साथ छावनी परिषद द्वारा चिन्हित स्थान पर आकर 1 घंटे का श्रमदान करें। प्रधानमंत्री के आवाहन पर छावनी परिषद क्षेत्र में यह अभियान चलाया जायेगा। श्रीनिवास राव ने बताया कि सफाई अभियान में छावनी परिषद के अधिकारी, कर्मचारी, सफाई मित्र के साथ-साथ चिन्हित स्थानों पर एक नोडल अधिकारी भी शामिल होंगे।

# राप्रवयू तीन दिवसीय कोल इंडिया की हड़ताल में होगी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** सेन्ट्रल सौंदा यूनियन कार्यालय में रविवार को राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन की बैठक किया गया।जिसमे मुख्य रूप से आगामी 5 से 7 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कोल इंडिया के हड़ताल को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रिय सचिव मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित थे। बैठक निर्णय हुआ की बरका सयाल क्षेत्र के परियोजनाओं में पीट मीटिंग कर हड़ताल को सफल बनाने के लिए हवन किया जायेगा। मौके पर मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि संयुक्त मोर्चा के साथ हमारी यूनियन भी तीन दिवसीय हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेगी और ग्यारहवां मांग समझौता लागू करने को लेकर पुरजोर आंदोलन भी करेंगे। बैठक की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष जगरनाथ पासवान और संचालन एरिया सचिव सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया। मौके पर आजाद भुईया, सुरेश महतो, सुरेश प्रसाद सिन्हा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

जिसमें 25 सितंबर को पोटगा कोलियरी, 26 सितंबर बिरसा उरीमारी, 27 सितबर वेश वर्कशॉप उरीमारी, 28 सितंबर वर्कशॉप सयाल में पिट मीटिंग, 29 सितंबर हाथीदारी भुरकुंडा, 30 सितबर सेंट्रल सौंदा साइडिंग 01 अक्टूबर को लेनिन चौक, सौन्दा डी और महाप्रबंधक कार्यालय में पिट मीटिंग किया जायेगा।

# जरूरतमंदों की सेवा लायंस का लक्ष्य : माला शर्मा

**लायंस क्लब भुरकुंडा ने लगाया निः शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर, 62 मरीजों की हुई जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** लायंस क्लब भुरकुंडा की सौजन्य से रविवार को उत्सव मैरिज हॉल में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे रांची रिम्स के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर राहुल प्रसाद ने सभी नेत्र मरीजों की जांच की। शिविर में कुल 62 नेत्र मरीजों की जांच की गयी। जिसमे 15 मरीज को मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये। लायंस के तरफ से बताया गया की 26 सितंबर को सभी चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन फेको विधि के द्वारा डॉ राहुल प्रसाद के द्वारा कोकर रांची निरामय अस्पताल में किया जायेगा। जिसमे मरीजों के लिए सभी सेवाये मुफ्त होगा।और भुरकुंडा से मरीजों को आने जाने की वाहन मुफ्त सुविधा लायंस भुरकुंडा के द्वारा किया जायेगा। मौके पर लायंस अध्यक्ष माला शर्मा ने कहा की लायंस हमेशा समाज के जरूरतमंदों की सेवा के लिए तैयार है। जांच शिविर में डॉ राहुल प्रसाद के साथ निरामया अस्पताल की बृजमणि तिर्की, जगत कुमार ओटो स्टाफ सिस्टर अनिता केरकेट्टा, हरिदास अनीता चालक कपिल सहित 6 सदस्यों तीनों टीमों ने जांच सिविल में योगदान दिया। मौके पर लाइंस क्लब के कार्यक्रम प्रभारी अशोक सिन्हा, वर्तमान अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, विजयंत कुमार, राजेंद्र महतो, संजय सिंह, अखिलेश शर्मा, विजय वर्मा, मो मुमताज, बीना देवी, शिवप्रसाद, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल सहित कई लाइंस सदस्य उपस्थित थे।

## महिला ने मारपीट को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के जयप्रकाश नगर निवासी संगीता सोनी पति मोहन सोनी ने मारपीट के मामले पीमें शनिवार को रामगढ़ उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि इससे पूर्व बीते 15 सितंबर को भी इस मामले में उपायुक्त को आवेदन देकर न्याय दिलाने की गुहार लगायी गयी थी। आवेदन के अनुसार 12 सितंबर को पड़ोसी पवन सोनी ने मिथ्या आरोप लगाते हुए उनके नाबालिग बच्चे की जमकर पिटाई की। उसके बाद संगीता देवी को भी पीटा। जिससे उनकी नाक पर गंभीर चोट लगी और चेहरा लहुलुहान हो गया। पुलिस ने ही उनका इलाज कराया। वहीं मामले को लेकर जब संगीता देवी भुरकुंडा ओपी में शिकायत करने पहुंची तो दोषी पर कार्रवाई की बजाय पुलिस उनके नाबालिग पुत्र को ही बंद कर दिया। इधर, उनकी शिकायत पर अबतक कार्रवाई नहीं की गयी है। आवेदन में कहा गया है कि मामले में आवेदन देकर रामगढ़ एसपी को भी अवगत कराया गया है। लेकिन कोई पहल होती नहीं दिख रही है। आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री झारखंड, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली को भी प्रेषित की गयी है।

## 27 को झामुमो मनायेगा पूर्व विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो की पुण्यतिथि



कुजू (आजाद सिपाही)। झामुमो मांडू प्रखंड समिति की बैठक नयामोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश हांसदा व संचालन प्रखंड सचिव सुरेश चन्द्र पटेल ने की। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, रामचंद्र वर्मा, संतोष कुमार, मोगलचन्द्र पटेल, विजय राम मौजूद रहे। बैठक के दौरान आगामी 27 सितंबर को नयामोड़ फोरलेन चौराहे पर पूर्व सांसद व पूर्व विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो की 12वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ को डोर टू डोर अभियान के तहत जन-जन तक पहुंचाकर लोगो को लाभ दिलाने की बात कही गयी। बैठक में मोहरलाल महतो, बादल कुमार महतो, बंधन महतो, हेमलाल सिंह, मंगू मांझी, उमेश महतो, भोला मुर्मू, बाबूलाल मुर्मू, अभय सिंह, प्रदीप राज हांसदा, चेतलाल महतो, विजय महतो, मो साबिर, महादेव मांझी, सुखदेव मुंडा, तबरेज, वीरेंद्र रविदास, बासुदेव गंझू, राजदीप महतो शामिल रहे।

## आध्यात्मिक सत्य ज्ञान के आधार पर भारत विश्व का एक महान राष्ट्र होगा : संत रामपाल

चतरा (आजाद सिपाही)। जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज का 24 सितंबर 2023 को झारखंड के चतरा जिला के सोवादाग गांव मे सत्संग हुआ। संत रामपाल जी महाराज का उनके अनुयायियों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से सत्संग का आयोजन किया गया। संत रामपाल जी महाराज अपने सद्ग्रंथों से सैकड़ों प्रमाण दिखाकर अपने निजी घर सतलोक से लोगों को परिचित करवा रहे हैं, जो अपने घर को भूल चुके है वहां पर अनंत सुख है, और वहां पर ना जन्म है, ना मृत्यु है वह अमरलोक है संत रामपाल जी महाराज जी का उद्देश्य है कि जाति, मजहब की दीवार को समाप्त कर भाईचारे का बीज प्रफुल्लित किया जाये, जिससे लोग लड़े नहीं आपस में प्रेम पूर्वक रहे।

## छेड़खानी के मामले में अंकित और विशाल गुप्ता को टंडवा पुलिस ने भेजा जेल

टंडवा (आजाद सिपाही)। दस दिवसीय गणेश महोत्सव चुंदुरु धाम से मेला देख कर लौट रही पेटो गंगतिया गढ़ा के दो युवतियो के साथ छेड़ छाड़ के मामले में चट्टी गाडिलौंग निवासी विशाल गुप्ता, पिता अर्जुन प्रसाद गुप्ता, अंकित गुप्ता पिता स्व सरोज गुप्ता चट्टीगाडिलौंग को टंडवा पुलिस ने पोक्सो एक्ट कांड संख्या208/23 के तहत जेल भेज दिया।यह घटना बीते शुक्रवार की रात्रि की है, बताया जाता है की केरेडारी थाना के पेटो पंचायत के गांव गंगतिया गढ़ा निवासी परमेश्वर भुईयाँ की 21 वर्षीय पुत्री काल्पनिक नाम सोन्या कुमारी, बालेश्वर भुईयाँ की 16 वर्षीय पुत्री बासमती कुमारी मेला देखने आयी थी। मेला देखने के बाद घर वापस जाने के क्रम में चार युवको नें पीछा कर लड़कियो के साथ मार पीट कर मोबाइल छिन लिया तथा चाकू दिखाकर छेड़खानी करने लगे तभी टंडवा की गस्ती पुलिस दोनों लड़किया के साथ दो युवको को थाना ले गयी। इस मामले में थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने कहा की पुलिस की ततपरता से बड़ी घटना घटने से बच गया। इस कांड के मास्टर माइंड युवक शनी प्रजापति पिता मोहन प्रजापति चट्टीगाडिलौंग, राजा श्रीवास्तव पिता वीना दास टंडवा हरिनगर के दोनों फरार है बताया।उन्होंने फरार आरोपियो को शीघ्र पकड़ कर जेल भेजने की बात कहीं।

# चुंदुरु धाम में बजरंगबली प्रतिमा पर जूता की माला पहनाने का मामला पकड़ा तूल

**विहिप और बजरंगदल कार्यकर्ताओ ने जमकर की नारे बाजी**

**सिमरिया विधायक किशुन दास ने 24 घंटे के बाद आरोपी नही पकड़ाने पर टंडवा को बंद कराने की किया घोषणा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** दस दिवसीय गणेश महोत्सव के सातवें दिन की मध्य रात्रि में एक तरफ मेला में हजारो की भीड़ के बीच पुजा पदाधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमो में व्यस्त के बीच गणेश भगवान की प्रतिमा के पीछे परिसर यज्ञशाला के निकट बेल पेड़ के चबूतरे पर रखे बजरंग बलि की खड़ित प्रतिमा पर असमाजिक तत्व ने जूते के माला पहनाकर हिन्दूओ की सनातनी देवी देवताओ पर इस तरह की कृत्य कर धार्मिक ठेश पहुंचाया है।यह घटना बीते शनिवार की मध्य रात्रि ग्यारह बजे के बाद की बताया जा रहा है।यह घटना रविवार की सुबह आग की तरह फैल गयी।इस घटना से मर्माहत होकर टंडवा प्रखण्ड के विहिप और बजरंग मदल के कार्यकर्ताओ ने पूजा पण्डाल में बैठक कर धार्मिक भावनाओ पर पूजा महोत्सव की गहमागहमी में ठेस पहुंचाने वाले तत्वों को 24 घण्टे के अंदर बेनकाब करने की प्रशासन को आवेदन सौपी गयी।इस घटना से दुखित होकर चुंदुरु धाम परिसर से पैदल मार्च करते नारे बाजी कर विहिप और बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ताओ ने टंडवा थाना पहुँचे।जहाँ बजरंगदल जिला सुरक्षा प्रमुख नकुल राम और विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष जित गुप्ता ने बताया की हिन्दुओ की आस्था और देवी देवताओ पर जूते के माला पहनाने वाले उस राक्षस को टंडवा पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे।वही स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास ने इस घटना से आहत होकर व्यान जारी किया की लगातार हिन्दू धर्म को ठेश पहुंचाने वाले अधर्मी कुकृत्य करने वाले को टंडवा पुलिस 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार नही करती है।तब टंडवा में बंदी करने की आवाह्न कर दिया है।वही इस घटना से दुखित होकर हिन्दू धर्म प्रेमियो में चारो तरफ उबाल देखा जा रहा है।गणेश महोत्सव के पूजा अध्यक्ष जागेश्वर दास,सचिव रामदेव पासवान,कोषाध्यक्ष कुंदन पासवान ने भी आवेदन लिख थाना प्रभारी को घिनोने कृत करने वाले पर कार्रवाई कर उजागर करने की मांग किया।

## राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की माहिती भूमिका : डॉ फहीम


हंटरगंज/चतरा । स्थानीय राम नारायण मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय के सभागार में एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए एनएसएस पीओ डॉक्टर फहीम अहमद ने एनएसएस के बाबत बताया की 24 सितंबर 1969 को तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री वीकेआरवी राव ने सभी राज्यों के 37 विश्वविद्यालयों में एनएसएस कार्यक्रम की शुरूआत किया था ताकि शिक्षा के साथ-साथ छात्र एवं छात्राओं में राष्ट्र सेवा के प्रति सेवा का भाव उत्पन्न किया जाये। इसका प्रतीक चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क के सूर्य मंदिर के विशाल रथ के पहिये से लिया गया है। पहिए का लाल और नीला रंग स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण सामाजिक गतिविधियों के लिए सक्रिय और ऊर्जावन होने के लिए प्रेरित करते हैं।

## जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में 55वां एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा मे रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो एनके तिवारी, डॉ महेंद्र पांडेय, कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा, डॉ विशेश्वर रविदास ने स्वामी विवेकानंद के चित्र समीप दीप प्रज्जवलित कर किया। विषय प्रवेश प्रो अर्जुन मिश्रा ने कराते हुये एनएसएस की स्थापना, उद्देश्य, लक्ष्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुये किया। कहा कि एनएसएस का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्याथियों के व्यक्तित्व का विकास और शिक्षा द्वारा समाज सेवा एंव समाज सेवा द्वारा शिक्षा है। प्राचार्य एनके तिवारी ने कहा कि मानव सेवा से बडा कोई धर्म नही है। एनएसएस के माध्यम से समाज व देश के नवनिर्माण मे भागीदार बने। मौके पर डॉ एके सिंह झा, राजेश कुमार, देवप्रकाश प्रसाद, टीके झा, एन पांडेय, मनोज सहित दर्जनो स्वयंसेवक मौजुद थें।

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं निखारने की जरूरत : संतोष महतो



रामगढ़। दुलमी प्रखंड के बोंगई के पुरना टाँड मैदान में शहीद सोबरन सोरेन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता युवा नेता संतोष महतो थे। सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्होंने फुटबॉल को किक मार कर मैच का उद्घाटन किया। रामगढ़ बनाम सिकिदरी के बीच खेले गये रोमांचक मैच में पैनल्टी शूट से रामगढ़ की टीम विजयी हुई। समिति के मुख्य संयोजक अजय भोक्ता, सचिव कृष्णा भोक्ता, कोषाध्यक्ष चंदन भोक्ता ने झारखंड पार्टी के अन्य अतिथियों में उपस्थित हरीश प्रभाकर, शिव बबलु, सुमन कुमार, प्रकाश को फुल माला पहनाकर स्वागत किया। गुड्डू भोक्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर समिति के तमाम अधिकारियों के साथ साथ दुलमी प्रखण्ड के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रोटरी रामगढ़ सेंट्रल ने किया श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में पेंटिंग, एक्सटीमपोर और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता में 140 बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ सेंट्रल के तत्वाधान में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में पेंटिंग, एक्सटीमपोर और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आमंत्रित जाजो, अतिथियों व क्लब के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न सरकारी और प्राइवेट स्कूल के 140 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक कल में अपनी अपनी प्रतिभा उकेरी। पेंटिंग प्रतियोगिता की संयोजिका मेघा बगड़िया, एक्सटीमपोर प्रतियोगिता के संयोजक विवेक अजमेरा व प्रतियोगिता के जज सुरेश प्रसाद अग्रवाल, डॉ के चंद्रा और कांता सोबती थे। वही क्विज प्रतियोगिता के संयोजक गौतम जालान थे। प्रतियोगिता तीन से चार में संपन्न हुई। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की खुशी कुमारी और डीएवी अग्रसेन स्कूल दृशा प्रधान रही। वही, एक्सटीमपोर प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की मानसी सिंह व क्विज प्रतियोगिता में आर्मी स्कूल के रितिशा कुमारी और आकर्षण ने बाजी मारी। इससे पूर्व अतिथि के आगमन पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया।

**ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है: विकास**

रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विकास बंसल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता होने से विद्यार्थियों में मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है और वह अपने आपको देख पाते है कि सब्जेक्ट में उनकी पकड़ अन्य बच्चों की अनुपात में कितनी है। प्रतियोगिता में आवल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## 17 सितंबर से नाबालिग युवती यूपी से गायब

हंटरगंज/चतरा । थाना क्षेत्र के बड़ही बिगहा गांव निवासी रामोतार भारती की पुत्री 16 वर्षीय रोशनी कुमारी बीते 17 सितंबर से गायब है। इस संबंध में उसकी बड़ी बहन पम्मी कुमारी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगायी है। थाना में दिये गये आवेदन में बताया कि 17 सितंबर को घरेलू विवाद के कारण रोशनी घर से भाग गयी थी। और वह अपने मौसी के घर लुधियाना जाने के लिए गया से ट्रेन पकड़कर दिल्ली जा रही थी। इसी दौरान यूपी की दो महिला ने उसे बहला फुसलाकर ट्रेन से उतार लिया और वह अपने साथ लेकर चली गयी। इसकी जानकारी 18 सितंबर को खुद रोशनी कुमारी ने फोन कर दी। उसने बताई की दो महिला मुझे अपने कस्टडी में रखे हुए हैं। जो गुलशन नदी के किनारे एक बस्ती है ।उसी गांव में रखे हुए है। मुझे इधर-उधर निकालने नहीं दे रही है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने खोजबीन करना प्रारंभ कर दिया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक सफलता हाथ नहीं लगी है। रोशनी कुमारी के बहन पम्मी कुमारी ने 70932717 59 मोबाइल नंबर पर सूचना देने के लिए आग्रह की है।

# मेडिकल कालेजों में रैगिंग जारी

हर छात्र स्कूल के अनुशासित जीवन के बाद कॉलेज के खुले माहौल में नयी उमंगों के साथ प्रवेश करता है। ऐसे में उम्मीद तो यह की जाती है कि उच्च कक्षाओं में पढ़ने वाले पुराने छात्र खुले दिल से उसका स्वागत करें और उसे उचित प्रोत्साहन दें, परंतु इसके विपरीत ही हो रहा है। रैगिंग शब्द आज सीनियर छात्रों द्वारा कॉलेजों में प्रवेश करने वाले फ्रेशर्स अर्थात नये छात्रों के उत्पीड़न का जरिया बन गया है और इस तरह के ज्यादातर मामले मैडीकल कालेजों में हो रहे हैं। सीनियर छात्र नये छात्रों से रैगिंग के नाम पर अमानवीय व्यवहार करते हैं, जिसमें मारपीट, कपड़े तक उतरवाना जैसे कृत्य शामिल हैं। 20 सितंबर को हिमाचल प्रदेश में टांडा (कांगड़ा) स्थित डाक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर छात्रों की रैगिंग करने और उनसे अपना काम करवाने के आरोप में कॉलेज प्रशासन ने 10 वरिष्ठ ट्रेनी डाक्टरों को 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के अलावा 6 महीनों तक होस्टल से और 3 महीनों तक कक्षाओं से निलंबित करने की सजा सुनायी। बता दें कि कि मार्च, 2009 में इसी मेडिकल कॉलेज के छात्र अमन काचरू को रैगिंग के कारण ही अपनी जान भी गंवानी पड़ी थी। 17 सितंबर को अरुणाचल प्रदेश में ईटा नगर के नैहरियागुन स्थित टोरनो रिबा इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंस में छात्रों के एक समूह ने नए छात्रों को अर्द्धनग्न हालत में बांध कर दूसरे कमरे में ले जाकर कान पकड़वा कर उठक-बैठक करवायीं। एक छात्र ने विरोध किया तो सीनियर छात्रों ने उसे निर्वस्त्र करके इतना पीटा कि उसके शरीर पर नील पड़ गये। 14 सितंबर को तेलंगाना के वारंगल शहर में सरकारी काकतीय मेडिकल कालेज में एमबीबीएस के 7 छात्रों के विरुद्ध रैगिंग करने और एक जूनियर छात्र की उसी के कमरे में घुस कर बेरहमी से पिटाई करने के आरोप में केस दर्ज किया गया। इससे पूर्व इसी वर्ष फरवरी में पोस्ट ग्रेजुएट प्रथम वर्ष के एक छात्र ने रैगिंग के परिणामस्वरूप दुखी होकर आत्महत्या कर ली। 12 सितंबर को हिमाचल में मंडी जिले के नेर चौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में जूनियर छात्रों से रैगिंग के आरोप में 2 छात्राओं सहित 6 सीनियर छात्रों को कॉलेज से निष्कासित करने के अलावा 25-25 हजार रुपये जुर्माना किया गया। नये ट्रेनियों को सीनियरों के सामने गीत गाने और उनकी धुन पर नाचने के लिए मजबूर किया गया। देश में केंद्र सरकार तथा कई राज्य सरकारों द्वारा रैगिंग पर प्रतिबंध के बावजूद डाक्टरी जैसे दूसरों के दुख-दर्द दूर करने वाले व्यवसाय से जुड़े सीनियर छात्रों द्वारा अपने ही जूनियर सहपाठियों के साथ इस तरह का क्रूरतापूर्ण व्यवहार शर्मनाक है। भविष्य में ऐसे डाक्टरों से मरीजों के सही इलाज की आशा कैसे की जा सकती है।

**देश में केंद्र सरकार तथा कई राज्य सरकारों द्वारा रैगिंग पर प्रतिबंध के बावजूद डाक्टरी जैसे दूसरों के दुख-दर्द दूर करने वाले व्यवसाय से जुड़े सीनियर छात्रों द्वारा अपने ही जूनियर सहपाठियों के साथ इस तरह का क्रूरतापूर्ण व्यवहार शर्मनाक है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**झारखंड राज्य में यह दूसरा सबसे बड़ा प्राकृतिक पर्व करम पर्व होता है, जिसे इस कामना से मनाया जाता है कि लगाया गया फसल अच्छी हो। पहला सबसे बड़ा प्राकृतिक पर्व है सरहुल। जिस समय पेड़ पौधों में नये-नये फूल और पत्तियां आना शुरू होती हैं, उसी समय सरहुल पर्व मनाया जाता है। साल /सखुवा के पेड़ों पर इसके फूल हर ओर अपनी सुंदरता बिखेर देती है।**

# करम पर्व : प्रकृति का महापर्व



**प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य**



**संसार के जीव जंतुओं से ही मनुष्य का जीवन चल रहा है। यही कारण है कि मनुष्य और प्रकृति का अटूट संबंध रहा है। इसलिए करमा पर्व को प्रकृति का महापर्व कहा जाता है। आदिवासियों को प्रकृति का पूजक कहा जाता है, जो इनके त्योहारों में देखने को मिलती है। यह पूजा पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है।**

करमा पर्व एक प्राकृतिक पर्व है, जो कि झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल तथा असम राज्य में मनाया जाता है। यहां के आदिवासी तथा मूलवासी लोग इस त्योहार को बड़े ही धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। कर्मा पर्व भाद्रपद के शुक्लपक्ष के एकादशी को मनाया जाता है। यह पर्व बहनें अपने भाइयों के लिए मनाती हैं, जो उनके पवित्र संबंध और अटूट प्रेम को दर्शाता है। झारखंड राज्य में यह दूसरा सबसे बड़ा प्राकृतिक पर्व करम पर्व होता है, जिसे इस कामना से मनाया जाता है कि लगाया गया फसल अच्छी हो। पहला सबसे बड़ा प्राकृतिक पर्व है सरहुल। जिस समय पेड़ पौधों में नये-नये फूल और पत्तियां आना शुरू होती हैं, उसी समय सरहुल पर्व मनाया जाता है। साल /सखुवा के पेड़ों पर इसके फूल हर ओर अपनी सुंदरता बिखेर देती है। सरहुल में अच्छी बारिश के लिए पूजा किया जाता है। जब अच्छी बारिश होती है, तब किसान अपनी फसल लगाते हैं और फसल का कार्य समाप्त होने की खुशी में करमा पर्व को मनाया जाता है। साथ ही बहनें अपने भाइयों के लिए सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हैं। कर्मा पर झारखंड के लोग ढोल व मांदर की थाप पर झूमते गाते हैं। करमा पर्व को आदिवासी संस्कृति का प्रतीक भी माना जाता है। कर्मा पूजा पर्व आदिवासी समाज का एक प्रचलित त्योहार है। इस परवाह में एक खास नृत्य भी किया जाता है, जिसे करमा नृत्य भी कहा जाता है।

**करमा पर्व पूजा पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है।**

इस पर्व को मनाने की पीछे पौराणिक कथा कर्मा और धर्मा नामक दो भाइयों से जुड़ी है। कहा जाता है कि दोनों भाइयों ने अपनी बहन की रक्षा के लिए अपनी जान को दांव पर लगा दिया था। दोनों भाई गरीब थे। उनकी बहन बचपन से ही भगवान से उनकी सुख-समृद्धि की कामना करती थी। बहन द्वारा किये गये तप के कारण ही दोनों भाइयों के घर में सुख-समृद्धि आयी थी। इस एहसान का बदला चुकाने के लिए दोनों भाइयों ने दुश्मनों से अपनी बहन की रक्षा करने के लिए जान तक गंवा दी थी। इस पर्व की परंपरा यहीं से मनाने की शुरुआत हुई थी।

इस त्योहार से जुड़ी दोनों भाइयों के संबंध में एक और कहानी है, जिसके मुताबिक एक बार कर्मा परदेश गया और वहीं जाकर व्यापार में रम गया। बहुत दिनों बाद जब वह घर लौटा, तो उसने देखा कि उसका छोटा भाई धर्मा करमडाली की पूजा में लीन है। धर्मा ने अपने बड़े भाई के लौट आने पर कोई खुशी जाहिर नहीं की। यहां तक कि वह पूजा में ही तल्लीन रहा। इससे कर्मा क्रोधित हो गया और करमडाली, धूप, नैवेद्य आदि को फेंक दिया और भाई के साथ झगड़ने लगा। मगर धर्मा सब कुछ चुपचाप सहता रहा। वक्त बीतता गया और कर्मा को देवता का कोपभाजन बनना पड़ा, उसकी सारी सुख-समृद्धि खत्म हो गयी। आखिरकार धर्मा को दया आ गयी और उसने अपनी बहन के साथ देवता से प्रार्थना किया कि उनके भाई को क्षमा कर दिया जाये। दोनों की प्रार्थना ईश्वर ने सुन ली और एक रात कर्मा को देवता ने स्वप्न देकर करमडाली की पूजा करने को कहा। कर्मा ने ठीक वैसा ही किया और उसकी सारी सुख-समृद्धि वापस आ गयी। हालांकि कर्मा-धर्मा से जुड़ी कई और कहानियां भी प्रचलित हैं। आधुनिकता के तमाम तामझाम के बावजूद इस पर्व की गरिमा आज भी बरकरार है।

करमा पर्व की कई विशेषताएं हैं। इसमें आदिवासियों की सभ्यता, संस्कृति और इनकी परंपरा देखने को मिलती है। इस पर्व में खानपान, गीत-संगीत का भी खास महत्व होता है। भादो माह के आगमन के साथ ही लोगों के दिलो-दिमाग में करमा गीत का परवान चढ़ने लगता है। तीज बीतने के बाद से ही आदिवासी करमा पर्व की तैयारी में जुट जाते है। युवतियां गांव-मोहल्ला घूम-घूमकर चावल, गेहूं, मक्का जैसे 9 तरह के अनाज इकट्ठा करती हैं और उसे टोकरी में डालकर गांव के अखड़ा में रखती हैं। भादो मास के एकादशी के दिन शाम का समय युवक-युवतियां इकट्ठा होकर करमा डाल को काटकर नाचते-गाते अखड़ा लाते हैं और इसके बाद विधिवत पूजा अर्चना की जाती है, जिसमें व्रत रखी युवतियां और नव विवाहित महिलाएं, बुजुर्ग समेत गांव-मोहल्ले के सभी लोग शामिल होते हैं और पूजा संपन्न होने के बाद नाचते-गाते हैं। खुशियां मनाते हैं।

दूसरे दिन लोग अपने घर में धरती मां की पूजा करते हैं और अच्छी फसल होने के साथ खुशहाल जीवन यापन और घर धन से भरा रहने की कामना करते हैं। इसी दिन युवक-युवतियां करमा की डाल को लेकर नाचते गाते गांव के सभी घरों में घूमते हैं और एक दूसरे को जावा फूल के साथ पर्व की शुभकामनाएं देते हैं। इसके बाद गांव की खुशहाली और समाज को दुख-दर्द और कष्ट से मुक्ति दिलाने की कामना के साथ करम देव को नदी या तालाब में बहा दिया जाता है। आदिवासियों को प्रकृति का पूजक कहा जाता है, जो इनके त्योहारों में देखने को मिलती है। करमा पर्व आपसी भाईचारा और साथ में मिल जुलकर रहने का संदेश देता। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। संसार के जीव जंतुओं से ही मनुष्य का जीवन चल रहा है। यही कारण है कि मनुष्य और प्रकृति का अटूट संबंध रहा है। इसलिए करमा पर्व को प्रकृति का महापर्व कहा जाता है। आदिवासियों को प्रकृति का पूजक कहा जाता है, जो इनके त्योहारों में देखने को मिलती है। यह पूजा पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। संसार के जीव जंतुओं से ही मनुष्य का जीवन चल रहा है। यही कारण है कि मनुष्य और प्रकृति का अटूट संबंध रहा है। इसलिए करमा पर्व को प्रकृति का महापर्व कहा जाता है। वर्तमान में इस पूजा के माध्यम से प्रकृति को संतुलित करने का कार्य किया जाता है। आदिवासी समाज के लोग इस पर्व को इतना महत्वपूर्ण मानते हैं कि अपने जीवन की सभी शुभ काम की शुरुआत इसी दिन से करते हैं।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

# आदिवासी संस्कृति में प्रकृति का संरक्षण है प्रकृति पर्व करम



**राज मोहन**

प्राचीन सभ्यताओं से लेकर आधुनिक काल तक, जनजातियों ने हमारे समाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आदि का अभिप्राय सबसे पुराना और वासी का अर्थ वास करने वालों से है। समाजशास्त्री जी एस घुरिये ने आदिवादिओं को 'पिछड़े हुए हिंदू' के नाम से संबोधित किया है। आदिवासी घनघोर जंगल में निवास करते थे और जीवन यापन का साधन जंगल से प्राप्त किया करते थे। इनकी अपनी संस्कृति ही विशिष्ट पहचान है। आर्यों के पहले से आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति यहां विकसित थी। इनकी अक्षुण्ण संस्कृति, अपने सामाजिक व्यवहार और धार्मिक आचरणों से स्वयं को अभिमत करती थी। यही कारण है कि भारत में लंबे आक्रमणकारियों के आगमन के बाद भी ये अपना अस्तित्व और संस्कृति बनाये रखने में कामयाब रहे। इनकी सामाजिक स्थिति एक समान नहीं रही है।

अंग्रेज शासक उन्हें मलेच्छ समझते थे घृणा करते थे। इनके मूल रूप से मिटाने के लिए 1871 में क्रिमिनल ट्राईबल एक्ट बनाया। इस एक्ट का उद्देश्य ही था इन्हें आपराधी घोषित कर जेल में बंद करना ताकि इनकी पहचान और अस्तित्व मिटाया जा सके। किन्तु ये समुदाय जंगल और पहाड़ों में रहकर नदी-नालों के पानी, जंगली कंद-मूल, जड़ी-बूटी और खानाबदोश जीवन यापन कर संस्कृति और अस्मिता बचाने में सफल हुए। उनकी सामान्य एवं सीमित जरूरतें तथा किसी भी वस्तु का एकीकरण या कालेधन का संचय की प्रकृति उनके संस्कृति में नहीं थी। एक प्रकृति के पुजारी हैं। इनका धार्मिक स्थल कोई इमारत एवं भवन में न होकर खुला आकाश होता है। जहां कभी अपनी उपासना आराधना कर सकते हैं। इनका अपनी संस्कृति एवं प्रकृति में एक गहरा आत्मीय रिश्ता है, तभी तो प्रकृति प्रदत धरती, पहाड़ों वृक्षों, पशु- पक्षियों को आदिवासियों ने अपने जीवन में टोटम (गोत्र के रूप में) के रूप में जोड़ लिया है।

आदिवासी संस्कृति की पहचान के अंतर्गत सिर्फ सामान्य सहभागिता, भाईचारा, सबसे विचित्र प्रकृति से निकट संबंध एवं प्रकृति प्रेम है। जो अन्य सभी संस्कृतियों से आदिवासी संस्कृति को अलग करता है।

आदिवासी संस्कृति में मनुष्य का जीवन बिल्कुल साधारण (चकाचौंध से अलग) है। इनका दृष्टिकोण उपयोगितावादी (विवेकपूर्ण अधिकतम उपयोग) और विचारधारा (जियो और जीने दो)की है। आदिवासी चेतना में प्रकृति के नियम के अंतर्गत संग्रह की अपेक्षा त्याग, प्रतिशोध के बदले दया (क्षमा)आदि का महत्वपूर्ण स्थान है। इनका मानना है कि 'प्रकृति की कृपा से ही धरती पर मनुष्यों एवं विभिन्न प्राणियों का अस्तित्व है। इस विश्वास का संकेत इनके पर्व-त्योहारों और धार्मिक अनुष्ठानों में देखने को मिलते हैं'।

प्रकृति के संरक्षण के लिए आदिवासियों में पर्व त्योहारों का सीधा संबंध वृक्षों, फूलों और पत्तों से जोड़ा गया है। सरहुल, गंडा टिशु, कदलेटा, माघे, करमा, बड़पहाड़ी, पूजन, सोहराई पूजन जैसे सभी त्योहारों का संबंध प्रकृति के स्वच्छ और उन्मुक्त वातावरण से है। इसके लोकगीतों में साल, महुआ, कटहल, करम के वृक्षों को नहीं काटने का निवेदन किया गया है। इनके प्रकृति संपदा से ही उनका भोजन, सुरक्षा, कृषि, औषधी, जलावन और जंगल के अंदर ही उनके सुख-दुख और सपने हैं। उनके जीवन का आधार है जल जंगल और जमीन। जिसे ये बचाएं रखे है और बचाएं रखना चाहते हैं। जहां आम इंसान चांद तक पहुंच गया है और वहां रहने का विकल्प ढूंढ़ रहा है, वही दूसरी ओर आदिवासी समुदाय विमर्श के दौर के बाद भी हाशिए पर खड़ा है और कई मूल समस्याओं से जूझ रहा है। जिसमें दुर्गम निवास स्थान, कृषि योग्य भूमि का अभाव, ऋण ग्रस्तता, धार्मिक और भाषाई समस्या, बाल विवाह, स्वास्थ, शिक्षा रोजगार का अभाव खानाबदोश जीवन इत्यादि समस्याएं प्रमुख है। जहां एक तरफ भारतीय संविधान में इनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए विशेष प्रावधान रखे गए है, कुछ स्थिति अच्छी हुई भी है इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। विधायक, सांसद, प्रदेश के मुख्यमंत्री तक ही नहीं बल्कि राष्ट्रपति तक का सफर तय किया है किन्तु आज भी समय और संख्या के अनुपात में बहुत अल्प है। आज आजादी के 75 वर्षों के बाद भी इनकी दीन-हीन (सामाजिक, आर्थिक) स्थिति आधुनिक समाज के नाम पर कलंक है।

वैश्विक स्तर पर जहां जलवायु प्रदूषण और सतत विकास की चहुंमुखी चर्चा-परिचर्चा ही नहीं हो रही है बल्कि आज पूरा विश्व चिंतित है। आज इनकी जीवन शैली और संस्कृति (जल, जंगल और जमीन) और प्रकृति पूजा अपनी ओर ध्यान आकर्षित कर रही है। यथार्थ सत्य है कि प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन और सतत विकास के अभाव में जीवन की कल्पना संभव नहीं है।

**(लेखक : सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र- विभाग, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, छत्तरपुर (पलामू) झारखंड हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता मिलन समारोह में सैकड़ों लोगों ने थामा पार्टी का दामन

# एआइएमआइएम पार्टी छोड़ सरदार सुरजीत सिंह पार्टी में हुए शामिल, कहा अभी तक सिर्फ हमलोगों को छला गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** एग्रिको क्लब हाउस में आजाद समाज पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को मिलन समारोह में ऐआईएमआईएम पार्टी के महानगर अध्यक्ष सरदार सुरजीत सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करते हुए हुए उन्होंने बताया आजाद समाज पार्टी की घोषणा बीते 18 अगस्त को झारखंड में हुई है। उसके बाद से पार्टी के कई वरिष्ठ नेतागण संपर्क में थे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद आज देश के शोषित वंचित समाज के सबसे लोकप्रिय आवाज है। आजाद समाज पार्टी आंदोलन से निकली हुई पार्टी है। जिसने बीते कई सालों से आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुस्लिम, सिख, ईसाई और शोषित वंचित समाज की लड़ाई लड़ रही है। वो भी आंदोलन से निकले हुये है इसलिए पार्टी व उनकी विचारधारा एक है। इस अवसर पर सरदार सुरजीत सिंह के साथ युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नासिक अंसार, सामाजिक कार्यकर्ता विसेन स्कूल के निदेशक सय्यद खलील अहमद ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नासिक अंसार ने बताया कांग्रेस ने पिछले 60 सालों में देश के अल्पसंख्यक समाज को ठगने का काम किया। देश में दोनों केंद्रीय पार्टियां भाजपा और कांग्रेस पूंजीवादियों के लिए काम कर रही हैं।उनका गरीब और शोषित वर्ग से कुछ लेना देना नही है। वहीं सय्यद खलील ने बताया उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा के कुशल नेतृत्व को देखते हुए पार्टी जॉइन किया है। काशिफ रजा कई सालों से शोषित वंचित समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस प्रदेश में अमन व शांति कायम करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा झारखंड की जनता ने पिछले 23 सालों में हर पार्टी को देख लिया है। सबने जनता को बेवकूफ ही बनाया है। आजाद समाज झारखंड के गरीब,पिछड़े, शोषित वंचित समाज की आवाज बनेगी। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने बताया सरदार सुरजीत सिंह की पार्टी जॉइन करने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। साथ ही कांग्रेस छोड़ कर आये नासिक अंसार व वेजन स्कूल के निदेशक सय्यद खलील अहमद का पार्टी में स्वागत है। उन्होंने कहा झारखंड वासियों ने 23 सालों में यहां की सारी पार्टियों को देख लिया। किसी ने यहां के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुसलमान, सिख, ईसाई के लिए कुछ नही किया। बेरोजगरी, अशिक्षा, गरीबी, जल जंगल जमीन की लूट, मोब लीनचिंग, भ्रष्ट्राचार, महिला उत्पीड़न झारखंड के बड़े मुद्दे है। जिनसे सत्ता पर काबिज पार्टियों ने हमेशा मुंह फेरा है। झारखंड में किसी की भी सरकार रही हो मूलनिवासियों का कोई भला नही हुआ। आजाद समाज पार्टी झारखंड की जनता को कुशल और ईमानदार नेतृत्व के साथ एक नया विकल्प देगी। जो आम जनता के के लिए काम करने वाली व जनता के प्रति समर्पित पार्टी होगी। इस अवसर पर भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश मुखी, रोहित दीप सिंह, शंभु मुखी, अली वाहिद, मुहम्मद फरीद, शकील, इम्तियाजुद्दीन, सरदार जसविंदर सिंह, रोहित, सरदार तारा , सरदार दलजीत सिंह, अजित सिंह गंभीर, सुखविंदर, गुरुदेव, सरताज आलम, दीपक, खंडा, दलजीत बिल्ला, सरवन चहल, पंकज, जगदीप, साहेब पल, मौनी रंधावा, जसप्रीत सिंह, मनमीत, हरप्रीत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संयुक्त सामाजिक संगठनों ने नशा मुक्त व भ्रष्टाचार मुक्त के खिलाफ अभियान चलाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर संयुक्त सामाजिक संगठनों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। रविवार को जमशेदपुर के सभी संयुक्त सामाजिक संगठनों के संयोजक सह युवा समाजसेवी संजीव आचार्य के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त के लिए मानगो शंकु साईं एक नंबर,तीन नंबर, पांच नंबर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा सह जनजागरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संकुसाई रोड नंबर 5, कैलाश धाम के समीप आम सभा का आयोजन किया। आम सभा का नेतृत्व महिला समाज सेवी गुंजा कौर ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने क्षेत्र के युवाओं को नशा से दूर रहने की अपील की। संजीव आचार्य ने कहा नशा समाज का नाश करता है। नशा के कारण ही हर तरह के बुरी घटनाएं समाज में घट रही है। उन्होंने कहा अभियान में किसी भी तरह का कोई भी परेशानी , दिक्कत या सहायता की जरूरत पड़े तो जिला प्रशासन के सभी वरीय पदाधिकारी से सहयोग ले सकते है। किसी भी परिस्थिति में शहर में हो रहे अन्याय, अत्याचार, कुरीतियां एवं भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सामाजिक संगठनों में झारखंड क्रांति सेना, महिला एवं बाल उत्थान समिति, आधार महिला सेवा उत्थान समिति,शाहिद स्मारक निर्माण समिति, राष्ट्रीय विधवा दिव्यांग एवं महिला उत्थान समिति, जेपी युवा छात्र संघर्ष मोर्चा, संपूर्ण आश्रय, मात्रि भाषा उन्नयन समिति कोल्हान, अनुकृति, नागरिक परिषद, प्रयास एक कदम, यात्रा एक नए जीवन की शुरूआत, सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति, महिला शक्ति सहित कई सामाजिक संगठनों के सहयोग से यह मुहिम आगे भी निरंतर कई थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्कूल- कॉलेज, संस्थाओं, बस्तियां व चौक चौराहा पर अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## पोटका विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर जाहेर स्थान घेराबंदी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**पोटका (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत पोटका विधान सभा क्षेत्र ग्राम रसूनचोपा में जाहेर स्थान घेराबंधी निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर विधायक ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा स्वीकृत योजना का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास की। मौके पर क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक सरदार ने कहा पोटका प्रखंड के ग्राम रसूनचोपा में जाहेर स्थान घेराबंधी के लिए ग्रामीणों की मांग थी। कल्याण विभाग के योजना के तहत प्रयास कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जाहेर स्थान का घेराबंधी होने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी नेता गण, महिला नेत्री गण, झामुमो प्रखंड कमिटी के सदस्यगण,पंचायत कमिटी सदस्य,क्षेत्र के मुखिया ,पंचायत समिति,ग्राम प्रधान,नायके बाबा,ग्रामीण व झामुमो के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जय भवानी संघ में दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष अमन कश्यप व उपाध्यक्ष बने चंदन मालाकार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शिव मंदिर संगत मोहल्ला के प्रांगण में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने हेतु जय भवानी संघ की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस निमित्त पिछले वर्ष का आय, ब्यय प्रस्तुत किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष रोहित कुमार छोटू ने की। बैठक में मुख्य रूप से जय भवानी संघ के संयोजक मुरली श्याम सोनी, संरक्षक अनिल सोनी के नेतृत्व में सर्वसम्मति से वर्ष 2023 के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष पद अमन कश्यप, उपाध्यक्ष चंदन मालाकार, मोहित मोदनवाल, सौरभ कश्यप, विशाल कंस्कार, अनिवेश सोनी, प्रिंस कंस्कार, तरुण श्याम सोनी, महामंत्री केतन मलहोत्रा, विनय कंस्यकार, मंत्री पद हर्ष सोनी, पीयुष जयसवाल, मोहित कु. सिंह, अरनव जयसवाल, राहुल मोदनवाल , उत्तम कश्यप, रोबिन कश्यप, कोषाध्यक्ष संत सोनी (टोनी), सहयोगी कोषाध्यक्ष राजन सोनी, सूचना मंत्री कुशल केशरी, किशु राज, मीडिया प्रभारी शुभम गुप्ता (अपना), संगठन मंत्री भोलू सोनी, अकाश सोनी, सौरभ कांस्कार, हर्षित सीटू, कार्यालय मंत्री प्रिंस कश्यप, दीपक कश्यप, पूजा प्रभारी रविंद्र जायसवाल, संयोजक मुरली श्याम सोनी, संरक्षक ओम प्रकाश कंस्कार, उमेश कश्यप, अनिल सोनी, रोहित कुमार (छोटू), डाक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, पृथ्वी नाथ कश्यप, सदस्य अविनाश कमलापुरी, अजीत कमलापुरी, संकठा केसरी, उमेश सोनी, मुकेश जायसवाल, दिलीप सोनडीक, रवि जायसवाल, विशाल जायसवाल, सोनू मद्धेशिया, प्रवीण जायसवाल, निशांत कश्यप, संदीप जयसवाल, अर्णव विश्वास आदि लोग उपस्थित थे।

## किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में रक्तदान शिविर आज : डॉ अनिल साह



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए संस्था प्रमुख व सुप्रसिद्ध चिकित्सा डॉ अनिल साह ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सदर अस्पताल गढ़वा के चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सुबह 10 बजे किया जाएगा। उन्होंने अन्य युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं होता है। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से जरूरतमंद लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर के शुभारंभ के समय सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले कई समाजसेवियों तथा बड़ी संख्या में ब्लड डोनेट करने वाले युवा शामिल होंगे।

## साक्षरता मिशन के तहत आकलन सह जांच परीक्षा संपन्न

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** बरडीहा प्रखंड के सभी छह पंचायत में नवभारत साक्षरता मिशन के तहत आकलन सह जांच परीक्षा ली गई। आदर पंचायत के ग्राम बरखा बांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय में परीक्षा लेते प्रेरक संजय ठाकुर ने बताया कि इस मिशन के तहत इससे पहले अनपढ़ लोगों को साक्षर करने के लिए पूर्व से हम लोग को द्वारा पढ़ाया लिखाया जाता है और इसके बीच फाइनल परीक्षा ली जाती है। ठाकुर ने बताया कि नवभारत साक्षरता मिशन के तहत पूर्व से ही ऐसे ही चलता है। इस मिशन के तहत नवभारत साक्षरता मिशन का उद्देश्य है कि सुदूर इलाके क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को हस्ताक्षर कर पढ़ने लिखने लायक बनाया जाए। मौके पर उपस्थित प्रेरक संजय ठाकुर, सुनैना देवी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर चंदन कुमार प्रजापति उपस्थित थे।

## मेराल में मुसहर महिला की हुई मौत, बिलखता दूधमुंहा बच्चा देख भावुक हुए लोग

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल बस स्टैंड के डंडई रोड पर एक दुधमुंहा बच्चे के साथ बैठी एक मुसहर महिला की अचानक मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार महिला बस स्टैंड के बगल में डंडई रोड के तोरण द्वार के सामने सड़क किनारे बैठी हुई थी तथा उसके साथ एक छोटा बच्चा था। इसी दौरान महिला की मौत हो गई। बच्चे के रोने की आवाज सुन अगल-बगल के लोग वहां पहुंचे तो देखा कि वह मुसहर महिला मर चुकी है और पास बैठा उसका बच्चा रो रहा है। दुधमुंहा बच्चा को रोते देख लोगों ने उसे कुछ बिस्कुट खाने को दिया लेकिन वह बच्चा स्वयं अपने न खाकर मां को खिलाने का प्रयास

**बैठक :** झामुमो जिलाध्यक्ष ने की विकास योजनाओं एवं संगठन की मजबूतीकरण की दिशा में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

# 189 पंचायतों, 1170 बूथों का पुनर्गठन कर 15 दिनों में सूची दें

**सभी वर्ग संगठन कमेटी का गठन कर एक माह के अंदर जिला को सूची सौंपे तथा जोर-शोर से सदस्यता अभियान चलायें**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गढ़वा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाएं तथा संगठन की मजबूतीकरण की दिशा में किए जा रहे कार्य की समीक्षा की गयी। निर्देश दिया गया कि गढ़वा जिला के सभी 189 पंचायतों एवं 1170 बूथों का गठन, पुर्नगठन 15 दिनों में करते हुए जिला को सूची सौंपे एवं सभी वर्ग संगठन को जिला विस्तार एवं प्रखंड कमेटी का गठन कर एक माह के अंदर जिला को सूची सौंपी जाये तथा जोर-शोर से सदस्यता अभियान चलाया जाये। बताया गया कि केन्द्र सरकार के द्वारा झारखंड राज्य के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है तथा राज्य को मिलने वाली राशि भी समय पर नहीं दी जाती है हमारे मुख्यमंत्री द्वारा आवास विहीन लोगों के लिए अबुआ आवास योजना प्रारंभ की गयी है। सरकार द्वारा सिद्धो कान्हू युवा क्लब का गठन प्रत्येक ग्राम में किया जाना है। इसमें पच्चीस सदस्य होंगे। इन्हीं सदस्यों में से बूथ कमेटी बनायी जायेगी और साल में युवा क्लब को 25 हजार रुपए अनुदान दिया जायेगा। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जब विधायक नहीं थे तब भी जनता के बीच रहते थे और आज भी जनता के सुख-दुख में हर वक्त शामिल रहते हैं। आज मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा जो भी विकास कार्य हो रहा है, उसको देखकर पूर्व विधायक तिलमिला रहे हैं। पूर्व के जितने भी विधायक रहे वो गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को बंजर बनाकर रखे थे। पूर्व विधायक को अब कभी विधायक नहीं बनने का डर सता रहा है एवं इनका मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है और उलूल-जलूल बोलते चल रहे हैं। राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में जनहित योग्य विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी गयी है।

प्रेस वार्ता में जिला सचिव मनोज ठाकुर, 15-सूत्री सदस्य मदनी खान, केन्द्रीय सदस्य शम्भू चन्द्रवंशी, केन्द्रीय सदस्य राजकिशोर यादव, केन्द्रीय सदस्य मो. शरीफ अंसारी, केन्द्रीय सदस्य जेपी मिंज, केन्द्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, पूर्व विधायक भवनाथपुर अनन्त प्रताप देव, पूर्व प्रत्याशी भवनाथपुर ताहिर अंसारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अल्संख्यक जिला अध्यक्ष आलमगीर अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष संजय सिंह सहित सैकड़ों झामुमो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## कलवार ब्याहुत जयसवाल समाज ने की बलभद्र और सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा

**महिलाओं का कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लेना समाज के लिए सुखद संदेश है : डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कलवार ब्याहुत जयसवाल समाज के द्वारा भगवान बलभद्र एवं भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा विधि विधान से की गयी। जिसमें समाज के मुख्य महामंत्री नंदलाल प्रसाद, अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल नेताजी, सदस्यता प्रभारी राकेश कुमार, उपाध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता, राजेश गुप्ता फंटूश बाबू, बृज बिहारी प्रसाद आदि ने बढ़चढ़ कर योगदान दिया। मंच संचालन कोमल स्वरूप ने की । कार्यक्रम में अशोक कुमार, सक्षम कुमार आदि के द्वारा कविता का सस्वर पाठ किया गया।

भक्ति नृत्य सुप्रिया कुमारी भावना कुमारी, भूमि गुप्ता, संवि कुमारी आदि के द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के संरक्षक डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि समाज में महिलाओं की उपस्थिति पुरुषों से ज्यादा देखी गई। महिलाओं का कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लेना समाज के लिए सुखद संदेश है। समाज के संरक्षक जोखू प्रसाद ने कहा कि बेटियां हैं तो पूरा जग है। बेटियों को आगे बढ़ाएं उन्हें शिक्षित करने का कार्य करते रहें। समाज के महासचिव नंदलाल प्रसाद ने कहा कि समाज में भगवान बलभद्र एवं सहस्त्रबाहु अर्जुन कुल देवता की पूजा प्रतिवर्ष होनी चाहिए। इन्हीं पूर्वजों की देन है कि हम सभी उनके वंशज हैं। इन्हें कभी नहीं भूलना चाहिए। प्रत्येक घरों में प्रतिदिन पूजा करें। समाज के अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने कहा कि कमेटी को मजबूत करने की पहल की गई है। आर्थिक सामाजिक हर तरह का सहयोग समाज के लोग के द्वारा मिलता रहेगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पीएन गुप्ता, राजेश गुप्ता, फंटूश बाबू, समाज के पूर्व अध्यक्ष शिवपूजन प्रसाद, नवादा महिला अध्यक्ष विनीता आनंद, कंचन जायसवाल आदि ने अपने विचार प्रकट किए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनोद जायसवाल, नंदलाल प्रसाद, जोखू प्रसाद, डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, अजय आनंद, आशीष गुप्ता, ऋषभ जायसवाल, डॉ वीरेंद्र जायसवाल, अरविंद जायसवाल, घनश्याम प्रसाद, पुतुल बाबू, भारत कलवार, राजीव जायसवाल, बबलू बाबू, अरुण जायसवाल, दिनेश प्रसाद, शशि शेखर गुप्ता, पारस गुप्ता, रविंद्र जायसवाल, भूप्रसाद, दीपक कुमार, क्षितिज स्वरूप, अर्णव जायसवाल, वृश्चिक जायसवाल, अतुल कुमार, मोहित गुप्ता, आदित्य कुमार, मनीष कुमार, रवि जायसवाल, हर्ष जयसवाल, शुभम जायसवाल, सत्यम कुमार, अनमोल जायसवाल, नवीन कुमार, अजय गुप्ता, रीमा स्वरूप पल्लवी पुंज वर्षा जैस्वाल किरण गुप्ता शालिनी गुप्ता सविता जैसवाल मीरा जैसवाल रंजना जायसवाल रितु जायसवाल पुष्पा गुप्ता विजय टॉक आदि उपस्थित थी

## रमकंडा में बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**मंत्री मिथिलेश ठाकुर की ओर से झामुमो नेताओं ने विजेता-उपविजेता टीम को ट्रॉफी और प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल अंतर्गत रमकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत भवन के मैदान में उदयपुर पंचायत एकता मंच के तत्वावधान में 5 सितम्बर से लेकर 22 सितंबर तक बालक-बालिका फुटबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 22 सितंबर को समापन के अवसर पर फाइनल मैच खेला गया। इस समापन फाइनल मैच के मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और विशिष्ट अतिथि गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह के प्रतिनिधि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा रंका गढ़वा कमेटी एवं झामुमो रंका प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए और मंत्री ठाकुर की ओर से विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रोत्साहन राशि के रूप में 58 हजार रुपये प्रदान किए। इस अवसर पर झामुमो के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, रंका बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह रंका युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह रमकंडा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## पुलिस जनसंपर्क अभियान के तहत पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ एसपी ने किया संवाद



**आपसभी के लिए सभी थानों में वाट्सअप ग्रुप बनाया गया है, आप उस ग्रुप में भी अपनी समस्या बता सकते हैं, तुरंत रिस्पॉन्स मिलेगा : एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पुलिस कार्यालय के सभागार में पुलिस जनसंपर्क अभियान के तहत पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ एसपी दीपक पांडेय ने संवाद किया। इस दौरान एसपी ने सभी प्रतिनिधियों से उनकी समस्याओं को जाना. अधिकांश जनप्रतिनिधियों ने वाहन चेकिंग, बालू की समस्या को उठाया। वहीं कुछ प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रहे शराब को लेकर जानकारी दी। इससे कानून व्यवस्था की भी स्थिति खराब होती है। नियमित गश्त लगायी जाए।

एसपी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और पुलिस के बीच में गैप है। आज के बाद यह गैप नहीं रहेगा। आपलोगों को बुलाने का मुख्य मकसद यही है। पुलिस और आप दोनों जनसेवक हैं। हमसभी का काम जनता की सेवा करना है। आपके काम में कानून के तहत सहयोग करना है। 70-80 किलोमीटर दूर से छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर मेरे पास आते हैं, जबकि वह पंचायत या थाना स्तर से हल किया जा सकता है। थाना में जाने पर आपको सम्मान मिलेगा। आपसभी के लिए सभी थानों में वाट्सअप ग्रुप बनाया गया है। जिसका मैं खुद अवलोकन करता हूं। आप उस ग्रुप में भी अपनी समस्या बता सकते हैं, तुरंत रिस्पॉन्स मिलेगा। हर माह में थाना स्तर पर दो मीटिंग प्रतिनिधियों के साथ होगी। उन्होंने वाहन चेकिंग पर कहा कि वाहन दुर्घटना के कारण लगातार जानमाल की नुकसान हो रही है। ट्रैफिक नियम का पालन करने से इसपर अंकुश लगेगा। कानून का पालन कराना हमारा काम है। अवैध खनन और परिवहन को लेकर पुलिस कानूनन काम करेगी। पुलिस का काम परेशान करना नहीं है। कोई झूठा केस करता है तो उसका अनुसंधान होता है। त्यौहार का समय आ रहा है पेट्रोलिंग तेज होगी। सुदूर क्षेत्रो में भी संसाधन के अनुरूप पेट्रोलिंग होगी। सोशल मीडिया पर भी गलत कंटेंट डालने वालों पर पुलिस नजर रखती है। पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। इसमें जनप्रतिनिधियों को पैरवी नहीं करना चाहिए। बैठक में जिला परिषद एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, सदानन्द कुमार, कृष्ण कुमार कुशवाहा, आभा रानी, करुणा सोनी, धर्मराज पासवान, राकेश चौबे, ललित नारायण सिंह, रेखा कुमारी, नंदगोपाल यादव, स्वीटी वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## धुरकी थाना में बैठक कर ईद मिलादुन्नबी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने का लिया गया निर्णय



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना में रविवार को श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी की अध्यक्षता में ईद मिलाद उन नबी पर्व के अवसर पर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ बैठक की गयी। वहीं ईद मिलाद उन नबी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सबों के द्वारा उक्त पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मानने का निर्णय लिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि जो लोग इस पर्व को लेकर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेंगे उन्हें बक्सा नहीं जायेगा। थाना प्रभारी ने कहा कि शरारती तत्वों पर पुलिस की नजर बनी हुई है यदि कोई भी व्यक्ति गलत अफवाह फैलाता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें पुलिस उस पर निश्चित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पर्व चाहे किसी भी समुदाय का हो पर्व के दौरान एक-दूसरे को खुशियां बांटनी चाहिए चाहिए, इससे आपसी भाईचारा बनी रहती है। इस दौरान बैठक में मुखिया महबूब अंसारी, शंभू प्रसाद गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी, सतनारायण बैठा, शहादत अंसारी कुदुस अंसारी, रामचंद्र ठाकुर आदि योग उपस्थित थे।

## जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनायें : थाना प्रभारी



**मेराल (आजाद सिपाही)।** जश्न ए ईद मिलादुन्नबी को लेकर थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मानना है। उन्होंने कहा कि इस त्यौहार को लेकर हमारे पुलिस प्रशासन सभी तरह के असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं दोनो समुदाय के लोगों से किसी भी तरह के अफवाह से बचने तथा वाद विवाद या अप्रिय घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे त्वरित कार्रवाई की जायेगी। बैठक में उपस्थित लोगों को आगामी 28 सितंबर को होने वाला जश्न ए ईद मिलादुन्नबी तथा कर्मा पर्व की अग्रीम बधाई देते हुए दोनों पर्व को आपसी सौहार्द के मनाने की बात कही। बैठक में प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी तथा उप प्रमुख निजामुद्दीन खां ने इस त्यौहार को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, मुखिया अजीज अंसारी, रामसागर महतो, संजय राम, मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी, धर्मराज भारती, रविंद्र गुप्ता, बीडीसी पति खुर्शीद आलम, उप मुखिया नसीम अंसारी, नबीज अंसारी, मिनहाज खान, जहुर रंगसाज, महेंद्र प्रसाद, शिवकुमार चौधरी, विजय प्रसाद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## भोजपुरी के मशहूर गायक भरत शर्मा ने श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा-अर्चना



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भोजपुरी लोक गायक भरत शर्मा व्यास ने शनिवार को बंशीधर नगर में विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर में विराजमान भगवान श्री राधा एवं कृष्ण के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान मंदिर के पुजारियों के द्वारा भरत शर्मा ब्यास को वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। उन्होंने श्री बंशीधर राधा कृष्ण की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने लोक गायक भरत शर्मा व्यास को भगवान श्री बंशीधर राधा कृष्ण की तस्वीर एवं मंदिर के इतिहास की लिखी किताब तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

**बैठक :** अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता को लेकर ग्राम पंचायत भिखही में की गयी ग्रामीणों के साथ बैठक, वक्ताओं ने कहा

# अंधविश्वास आज के वैज्ञानिक युग में सभ्य समाज के लिए कलंक है

**आप सभी अपने पास पड़ोस के लोगों को जागरूक करें तथा अंधविश्वास से बाहर निकालने में अपनी भूमिका निभाएं : थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा/डंडा।** डायन भूत (अंधविश्वास) के खिलाफ ग्राम पंचायत भवन भिखही के सभागार में पंचायत के मुखिया वीरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में जागरूकता के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में डंडा थाना प्रभारी नीरज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 90 के दशक में स्वास्थ्य सुविधा तथा आवगमान की सुविधा नहीं थी। जिसके कारण बच्चों तथा बुजुर्गों की जान चली जाती थी और इसका बड़ा कारण अंधविश्वास था, लेकिन जागरूकता बढ़ी है। जिसके कारण सुरक्षित प्रसव हो रहा है तथा बीमारी से पीड़ितों को हॉस्पिटल में इलाज हो रहा है। लेकिन आज भी बड़ी संख्या में डायन भूत (अंधविश्वास) के चक्कर में बच्चे, महिलाओं, बुजुर्गों की आये दिन झाड़-फूक करवाते देखा जाता है। अक्सर समाज के ही एक हिस्से के लोग डायन भूत में अदृश्य शक्ति होने तथा किसी को नुकसान पहुंचाने की शक्ति होने का भ्रम फैलाते हैं, जो गलत है। अंध विश्वास सुनने के बाद वैज्ञानिक तरीके से सोचें। आज विज्ञान की देन है कि गांव से महानगर तथा विदेशों में मोबाइल के माध्यम से बात कर रहे हैं। आज लोग चांद पर भी रॉकेट के माध्यम से पहुंच रहे हैं, इसलिए सिर्फ सुनें नहीं तर्क के साथ विवेचना करें और विज्ञान के साथ आगे बढ़ें। अंधविश्वास (डायन भूत विसाही) आज के वैज्ञानिक युग में सभ्य समाज के लिए कलंक है। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी डंडा नीरज कुमार ने कहा कि डंडा थाना क्षेत्र छोटा है, लेकिन डायन भूत (अंधविश्वास) का कोई न कोई मामला थाना पहुंचता है, जो गंभीर सवाल है। अंधविश्वास में मारपीट करना यहां तक कि हत्या जैसी घटना हो जाती है जिसमें पूरी तरह से परिवार बर्बाद हो जाता है। एक व्यक्ति किसी को डायन कहता है तो उसे तीन माह की जेल तथा आर्थिक जुर्माना आईपीसी के धारा में प्रावधान है। कोई ओझा गुणी यह कहता है कि वह व्यक्ति डायन हैं और वह आपको परेशान कर रहा है तो उसे छह माह की जेल तथा आर्थिक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। अंधविश्वास को लेकर विवाद यदि हो रहा है तो डायन कहने वाले तथा ओझा गुणी के ऊपर आईपीसी के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उपस्थित लोगों को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी अपने पास पड़ोस के लोगों को जागरूक करें तथा अंधविश्वास से बाहर निकालने में अपनी भूमिका निभाएं। थाना प्रभारी डंडा द्वारा सतीप्रथा, बाल विवाह, सड़क सुरक्षा, बाल मजदूरी, हनीट्रैप, साइबर क्राइम के सन्दर्भ मे भी विस्तार से चर्चा एवं बचाव की जानकारी दी गई। इस मौके पर जयशंकर चौधरी, सीताराम दास, सरोज देवी, कामेश्वर चौधरी, सिंधु देवी, विनोद चौधरी, अर्जुन चौधरी, दशरथ ठाकुर, नंदू चौधरी, श्यामबिहारी तिवारी, एएसआई शैलेन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

मौके पर उपमुखिया अनीता देवी, सोना कुंवर, गिरजा देवी, प्रगाश चौधरी, संतु चौधरी, सूरत चौधरी, अखलेश चौधरी, ललन चौधरी, विजय चौधरी, कपिलदेव चौधरी, मनोज चौधरी, बिहारी चौधरी, यमुना चौधरी, कृष्णा चौधरी, आंगनबाड़ी सेविका देवन्ति देवी, अनीता देवी, विमला देवी, चंद्रावती देवी, प्रभा देवी, सरिता देवी, मनिता देवी, बसंती देवी, बिन्दा देवी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

# संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस में डकैती

**लातेहार और बरवाडीह के बीच में एस 9 बोगी में डकैती के साथ महिलाओं से दुर्व्यवहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** संबलपुर से चल कर जम्मूतवी जानेवाली एक्सप्रेस ट्रेन में बीती रात जम कर डकैती हुई है। डकैती के दौरान अपराधियों ने आठ से 10 राउंड फायरिंग भी की। ट्रेन से एक खोखा भी बरामद किया गया है। डकैती की घटना झारखंड के लातेहार और बरवाडीह स्टेशन के बीच हुई। अपराधियों ने ट्रेन की स्लीपर बोगी संख्या 9 में घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि डकैती के दौरान अपराधियों ने महिला यात्रियों के साथ बदसलूकी भी की।

### क्या है पूरी घटना

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात लगभग 12 से एक बजे के बीच की है। संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस रात तकरीबन 11 बजे जब लातेहार स्टेशन से खुली, तभी एस 9 बोगी में लगभग आठ डकैती सवार हुए। ट्रेन जैसे ही रफ्तार पकड़ी की, डकैतों ने धावा बोल दिया। डकैती के दौरान डकैतों ने 8-10 राउंड फायरिंग भी की है। लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक डकैती करने के बाद डकैतों ने चेन पुलिंग कर बरवाडीह स्टेशन से पहले उतर कर चले गये।

### ये यात्री हुए शिकार

डकैती का शिकार होने वाले यात्रियों में विश्व हिंदू परिषद के लातेहार जिला के मंत्री सह चंदवा निवासी विकास मित्तल से 17500 की डकैती और मारपीट, मिथिलेश कुमार से 10000 की डकैती, मानस चंद्र मालिक से 2000 और मोबाइल, गुरप्रीत सिंह से 4500 और एक बैग, रिमझिम देवी और उसके भाई हर्ष कुमार सिंह के साथ मारपीट, 10000 नगद, मंगलसूत्र की लूट, रोशन कुमार और पत्नी के साथ मारपीट कान की बाली, मंगलसूत्र और पायल की, धर्मेंद्र साहू और पत्नी बबीता से कान की बाली, मंगलसूत्र और 4500 रुपए, सत्येंद्र कुमार से 14000, उदित नारायण अग्रहरी से मोबाइल, 8700 रुपये और कागजात, सिंह गोपाल अग्रहरी से 1500 रुपये, अजय साहू से मारपीट, 1800 और बैग, अजय कुमार से मारपीट, एटीएम, कागजात और 2500 रुपये, मोहम्मद आजाद से मोबाइल और 5000 रुपये और मंसूद आलम से मोबाइल, लैपटॉप, बैग की लूट हुई है।

### डाल्टेनगंज स्टेशन में यात्रियों का हंगामा

डकैती की घटना के बाद ट्रेन जब देर रात डाल्टनगंज स्टेशन पर पहुंची, तब यात्रियों ने जम कर हंगामा किया। इस दौरान ट्रेन यहां लगभग डेढ़ घंटे खड़ी रही। अधिकारी डकैती के दौरान घायल हुए यात्रियों का इलाज करने और तत्काल एफआइआर दर्ज करने की बात कह रहे थे। वहीं रेलवे की टीम मामले की जांच में जुट गयी है। डाल्टेनगंज में पुलिस शिकायत भी दर्ज करायी गयी है। ट्रेन में घटना के वक्त आरपीएफ की टीम मौजूद थी या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है।

### जिला पुलिस और रेल पुलिस शीघ्र ट्रेन में हुई डकैती का उद्भेदन कर डकैतों को गिरफ्तार करें : प्रतुल शाहदेव




लातेहार। लातेहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि लातेहार के जिस इलाके में कभी पूरी की पूरी ट्रेन को नक्सलियों ने हाइजैक कर लिया था, अब इसी इलाके में चलती ट्रेन में डकैती होने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतुल ने लातेहार पुलिस और रेल पुलिस से मांग की कि अविलंब इस घटना में लिप्त डकैतों को गिरफ्तार करें। प्रतुल ने रेल मंत्री से भी आग्रह किया की इस इलाके से गुजरने वाले ट्रेनों पर रेलवे पुलिस की भी पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगे। घटना का अति शीघ्र उद्भभेदन अत्यंत आवश्यक है। प्रतुल ने कहा कि ट्रेन में हुई इस भीषण डकैती से देश में अच्छे संकेत नहीं जा रहे हैं। इसलिए दोनो पुलिस बलों को समन्वय स्थापित कर के मिशन मोड में डकैतों की गिरफ्तारी करनी चाहिए।

# करम पर्व धूमधाम से मनायें और आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ायें : डॉ रामेश्वर उरांव

**मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने करम पर्व से पूर्व किया मांदर और नगाड़ा का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग और खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार द्वारा विधायक कार्यालय बरवा टोली में मांदर और नगाड़े( वाद्ययंत्र) का वितरण किया गया। मौके पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अपनी सभ्यता संस्कृति और पूर्वजों द्वारा मिली परंपरा को बचाए रखने कि जरूरत है। सामाजिक संस्कृति धार्मिक संस्कृति को बरकरार रखने के लिए लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया जा रहा है। जिससे लोग कर्मा पर्व हर्षोल्लास के साथ मना सकें। मेरा प्रयास है कि जिले के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास हो, आधारभूत संरचना के साथ साथ सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा का विकास हो तभी एक सभ्य समाज की कल्पना की जा सकती है, इसलिए हमने अपने विधानसभा क्षेत्र में 300 पारंपरिक वाद्ययंत्र का वितरण किया, इसके साथ-साथ अखड़ा निर्माण, धनकुडिया निर्माण धूम कुड़िया निर्माण, पड़हा भवन निर्माण, सांस्कृतिक कला केंद्र का निर्माण किया जा रहा है ताकि संस्कृति को बचाया जा सके, इसके साथ-साथ प्रत्येक अखड़ा में सोलर लाइट का निर्माण जल्दी किया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, रोहित उरांव, डोमना उरांव, राजू, विशाल, रविंद्र खेरवार, तनवीर, सत्यदेव, ठाकुर, रविंदर सिंह खेरवार, रफीक, सुशील उरांव, अमृता भगत, सुशीला, सीमा भगत, सरिता, संगीता, जैनुल, सूरज, विष्णु, असलम, कुलदीप खलखो, प्रबल उरांव, संदीप उरांव आदि उपस्थित थे।

## निजी विद्यालयों की मनमानी फीस और अन्य मुद्दे को लेकर जिप सदस्य का धरना कल

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा जिला परिषद कार्यालय और जिले के शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग समिति अन्य विभागों के द्वारा सदस्यों की समस्या और सवालों को अहमियत नहीं दिए जाने के साथ-साथ उन समस्याओं को निपटारा करने को लेकर जांच के आदेश के बाद भी जांच नहीं किये जाने के खिलाफ मंगलवार को जिला मुख्यालय अंतर्गत जिला परिषद कार्यालय के समक्ष धरना का आह्वान किया गया है। जीप सदस्य ने बताया की लगभग तीन माह पूर्व निजी विद्यालयों के मनमाने तरीके से टर्म फीस और अन्य फीस वसूलने की शिकायत के बाद जांच के निर्देश के बावजूद विभाग के द्वारा जांच नही किया गया। और सिर्फ खाना पूर्ति करने का काम किया जाता है जो अपने आप में सदस्यों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ है जो किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। और इसको लेकर धरना का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे साथी आने वाले समय में यह धरना प्रदर्शन बड़े पैमाने पर भी किया जायेगा।

## पर्यावरण जन जागरूकता को लेकर साइकिल यात्रा निकाली



भंडरा/लोहरदग्गा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा रविवार को पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम को लेकर एक साहसिक साइकिल यात्रा निकाली गयी। यात्रा स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम से होते सरेंगहातू, सीठियो भंडरा होते हुए पहुंची। वहां लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय में शाखा के साथ साथ खेलकूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में प्रकृति वन, जल, जंगल के प्रति जागरूकता का उद्देश्य रहा। लोगों को यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत संपर्क का प्रमुख राजीव कमल बिट्टू का उद्बोधन प्राप्त हुआ। जिसमें उन्होंने संघ के ऊपर चर्चा करते हुए बताया कि किन परिस्थितियों में डॉक्टर हेडगेवार ने समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना अपने पांच मित्रों के साथ की। पहले स्वरूप स्वयंसेवक जुड़ते गए और परिणाम यह है कि आज 98 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश हित समाज हित में लगातार काम करते आ रहा है। मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा, दीपक, बिपुल, सचिन किसले, मनोज, विक्रांत, सचिन, नीरज, सत्यम, रिंकू आदि उपस्थित थे।

## सेवा दल कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती है : नेसार



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस सेवा दल की बैठक मुख्य संगठन शंभू प्रजापति के अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद और सेवा दल के प्रदेश महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। 3 अक्टूबर को रांची में कांग्रेस सेवा दल समागम कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया गया। सेवा दल का गठन आजादी के पूर्व 28 दिसंबर 1923 को सेवा दल के संस्थापक डॉ नारायण सुब्बा राव के द्वारा किया गया। सेवा दल कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती है लोगों के अंदर राष्ट्रीय भावना एवं राष्ट्र के प्रति निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। कांग्रेस सेवा दल कांग्रेसियों को प्रशिक्षित करती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश गुप्ता, संतोष महतो, संतोष पांडा, नेसार खान उर्फ बबलू, अमानत, अमोलिना सारस, माहिर, राजेश, जगदीश समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साक्षरता मिशन के तहत परीक्षा का आयोजन



कैरो (आजाद सिपाही)। लोहरदगा कैरो प्रखंड में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के तहत भारत साक्षरता कार्यक्रम के द्वारा चिन्हित नव साक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक जांच परीक्षा हुई। इसकी देख रेख बीआरसी के द्वारा की गयी। कैरो प्रखंड के छह केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा आयोजन में केंद्रों के विद्यालय के प्रधानाध्यापक केंद्राधीक्षक रहें। परीक्षा के वीक्षक बीआरपी सीआरपी होंगे। बुनियादी विद्यालय हनहट, राजकीय मध्य विद्यालय कैरो, राजकीय मध्य विद्यालय गुड़ी, राजकीय मध्य विद्यालय गजनी, राजकीय मध्य विद्यालय सढ़ाबे इन छह केंद्रों में परीक्षा आयोजित हुई। आयोजन में ओम प्रकाश रंजन, ताज मोहम्मद, अमरेंद्र यादव, विनोद सिंह, प्रकाश मिश्रा, नीलेश खत्री, मुमताज, विजय झा, नंदकिशोर साहू, शिव प्रजापति, शैलेंद्र ने सहयोग किया।

## केड़गाड़ी गांव दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने अजय

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड केड़ पंचायत गाडी गांव में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जानकारी हो की गाड़ी गांव में वर्ष 1993 से गांव के ही स्व भिखराज सिंह, स्व पहलवान सिंह, स्व. बयास सिंह, साधु सिंह, गोरखनाथ पासवान, दरोगा सिंह, मनोहर सिंह, योगेश्वर सिंह, कामेश्वर सिंह, चलितर सिंह सभी लोगो द्वारा गांव में दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। बैठक में उपस्थित ग्रामीण की सर्व सहमति पूजा समिति में अजय कुमार सिंह को अध्यक्ष बनाया गया।

# एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज ने पांच स्वर्ण सहित 16 पदक जीते

**तरुण वर्ग बालक समूह ने पूरे प्रांत में प्राप्त किया तीसरा स्थान**

**क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चार बालिकाओं सहित आठ एथलीट्स का हुआ चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने विद्या भारती की स्टेट एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण सहित 16 मेडल जीते। यहां की 6 छात्राओं सहित कुल 13 एथलीट्स ने 21 से 24 सितंबर तक सिंदरी, धनबाद में विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 34वी प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स समारोह में भाग लिया। महाविद्यालय को तरुण वर्ग बालक समूह में ओवरऑल कैटेगरी में पूरे प्रांत में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जनजातीय बहुल एथलेटिक्स की इस टीम ने 5 स्वर्ण के अलावे 6 रजत और पांच कांस्य पदक प्राप्त किया। स्वर्ण और रजत पदक विजेता 08 एथलीट्स का चयन 10 स्पधाओं में क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुआ। सुजल बाखला ने ऊंची कूद में स्वर्ण और 400 मी बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता' रोहित उरांव ने 3000 मीटर दौड़, 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ में रजत और 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। अल्पना शैली उरांव ने भाला फेंक में स्वर्ण और 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। नीलिमा लकड़ा ने त्रिकूद में स्वर्ण, 200 मीटर दौड़ में रजत और 100 मीटर दौड़ में कांस्य से पदक जीता। अभय साहू ने तार गोला फेक में स्वर्ण और चक्का फेंक में कांस्य पदक जीता। आकांक्षा पांडे एवं नैतिक राज ने गोला फेंक में रजत पदक जीते। पूनम कुमारी ने 3000 मी तेज चाल में रजत पदक जीता। 4400 मीटर रिले रेस में विद्यालय को अजीत मुंडा, अमित उरांव, सुजल बाखला और रोहित उरांव ने स्वर्ण पदक दिलाया। मार्गदर्शक शिक्षिकाओं रेणु कुमारी और यशोदा कुमारी के साथ टीम 25 सितंबर को वापस लौटेगी। टीम की सफलता पर बधाई देने वालों में प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश, राजेश, लोहरदगा नगर क्षेत्र में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल, उपाध्यक्ष विनोद, विद्या मंदिर और इंटर कॉलेज के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी शामिल है।

## झारखंड कुम्हार समन्वय समिति ने सेवानिवृत्त व्यक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित किया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड कुम्हार समन्वय समिति द्वारा आनंद सरस्वती बाल निकेतन में समाज के सेवानिवृत्ति व्यक्तियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के वैसे लोग जो सरकारी सेवा से सेवानिवृत हुए हैं उन्हें रामचरितमानस पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि समाज में वैसे मार्गदर्शक है जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने घरों में तक ही सिमट कर रह गये हैं। उनसे प्रेरणा लेने तथा समाज में उचित मान सम्मान देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में लगभग 40 सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वासुदेव प्रजापति, नेमधारी महतो, जकड़ी राम, बजरंग, दिनेश, किरण, रामदास, भगवत सहित अन्य के नाम शामिल है। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक वासुदेव प्रजापति ने कहा कि वर्तमान समय में उगते सूर्य को लोग नमस्कार करते हैं, डूबते सूर्य की महता कम होती जा रही है। मौके पर विनोद प्रसाद, विनोद प्रजापति, विनोद कुमार महतो, रामदेव प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति, युगल प्रजापति, संजुक्ता देवी, भूषण प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## छठे नेशनल लूडो चैंपियनशिप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** रविवार को प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में भारतीय लूडो महासंघ और लूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा छठे नेशनल लूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जीप सदस्य संतोषी शेखर के साथ मुखिया कालो देवी, रेलवे क्लब सचिव रणजीत सिंह राणा के द्वारा सयुक्त रूप से किया गया। लूडो प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 16, अंडर 19 और ओपन टू ऑल के सभी वर्ग प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तीन दिनों तक चलने वाले प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों साथ साथ विभिन्न पंचायत के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद लूडो प्रतियोगिता की विधिवत शुरूआत की गयी। जिसमें रेफरी की भूमिका आयोजक अश्फाक अहमद मुन्ना ने निभायी। इस प्रतियोगिता का समापन 26 सितंबर को होगा। कार्यक्रम के दौरान मौके पर यूथ कांग्रेस प्रदेश नेता विजय बहादुर सिंह भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, प्रेम, अधूरा, सिम्मी, पूनम, खुशबू, अर्चना, मनीषा, यशी शेखर, समेत काफी सख्या में खिलाड़ी मौजूद थे।

# कुडू के टीको में कच्चा मकान गिरा

## दब कर एक ही परिवार के छह लोग जख्मी, दो गंभीर

**सूचना पर सीओ बीडीओ पहुंच लिया जायजा, हरसंभव उचित सहायता दिलाने का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू – लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के टीको बंडा टोली गांव में शनिवार रविवार की देर रात करीब 2: 20 में एक कच्चा मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। मलबे में दबकर घर मे मौजूद सभी छः लोग जख्मी हो गए। मिली जानकारी के अनुसार टीको बंडा टोली गांव निवासी बोधन उर्फ बोधना मुंडा के घर के चारो तरफ पिछले दिनों हुई बारिश के कारण सीपेज हो गया था। जिस कारण शनिवार - रविवार की मध्य रात्रि करीब 2: 20 में अचानक मकान भरभरा कर गिर गया। मलबे में बोधन मुंडा, 48 पिता सुकारी मुंडा, पत्नी बंधाइन मुंडा 45, पुत्र पंचम मुंडा 20, पुत्र छद्दू मुंडा 18, पुत्री छोटी कुमारी 15 और 10 वर्षीय पुत्र उमेश मुंडा दब गए। घर गिरने की आवाज और मलबे में दबे लीगों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाल कर एंबुलेंस से सीएचसी कुडू में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से जख्मी बंधाईन मुंडा और उमेश मुंडा को रांची रिम्स रेफर कर दिया जबकि बोधन, पंचम, छद्दू और छोटी को लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया। समाचार लिखे जाने तक 10 वर्षीय उमेश की आंख और शरीर के कई हिस्सों में चोट के कारण स्थिति गंभीर है बाकी सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

सूचना मिलने पर सीओ प्रवीण कुमार सिंह बीडीओ मनोरंजन कुमार बंडा टोली पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित परिवार को फिलहाल सामुदायिक भवन टीको में शिफ्ट कराया जा रहा है। इनके खाने का राशन भी व्यवस्था कर दी जा रही है और तत्काल में अम्बेडकर आवास भी बनाया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने इसके अलावा पीड़ित परिवार की हरसंभव उचित सहायता दिलाने का भी आश्वासन दिया है।

**अधिकारियों को ग्रामीणों ने कुडू सीएचसी की बतायी कुव्यवस्था**

गांव पहुंचे सीओ और बीडीओ के सामने ग्रामीणों ने बताया कि घायलों को हॉस्पिटल पहुंचने पर गेट बंद था गेट खोलवाने और डॉक्टर को बुलाने में आधा घंटा से अधीक समय लग गया।

## दुर्घटना प्रभावित व्यक्ति का दस्तावेज जल्द न्यायालय में पेश करे पुलिस : जस्टिस अमित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रॉंची के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में डिस्ट्रीक्ट लेवल वर्कशॉप ऑन एमएसीटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अमित कुमार, जिला और अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, लातेहार, मो नसीर अहमद, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार, स्वाति विजय उपाध्याय सचिव समेत अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में अमित कुमार, जिला और अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, लातेहार ने वाहन दुर्घटना दावावाद से संबंधित मुआवजा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मो नसीर अहमद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लातेहार ने एमएसीटी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब भी कोई दुर्घटना घटित होती है तो प्राथमिकता के तौर पर दुर्घटना प्रभावीत व्यक्ति की जान बचाने का प्रयास होना चाहिए। इस कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलवाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई।

## मनिका प्रखंड में लोहिया भवन की मरमत का विधायक रामचंद्र ने किया शिलान्यास




मनिका(लातेहार)(आजाद सिपाही)। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को मनिका स्थित लोहिया भवन का रिपेयर कार्य का नारियल फोड़कर और शिलापट अनावरण कर किया शिलान्यास विधायक श्री सिंह ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि हम लोगों को विकास में बाधा कोरोना बनी है लेकिन जो भी समय शेष बचा हुआ है उसमें हमारे द्वारा पूरा प्रयास की जा रही है कि अपने विधानसभा क्षेत्र का पूर्ण रूप से विकास करें उन्होंने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। मौके पर मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, प्रखंड विश्व सूती अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, राजीव, मिथिलेश, सत्तार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## अफवाह फैलानेवालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी : थाना प्रभारी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरी में सभी समुदाय के लोगों के बीच आगामी करमा पर्व और बाहर रबिउल अव्वल का त्यौहार शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारा के साथ मनाये जाने को लेकर ग्राम प्रधान सुखनाथ उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आहुत की गयी। बैठक में मुख्य रूप से सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, मुखिया राजू उरांव मौजूद रहे। इधर बैठक में सभी समुदाय के लोग बढ़ चढ़कर शामिल होकर करमा पर्व और बाहर रबिउल का त्यौहार आपसी भाईचारा और एक साथ मिलजुलकर मनाने की बात बैठक में कही। इस दौरान थाना प्रभारी अनिल उरांव ने कहा कि भाई बहन के अटूट प्यार का पर्व करमा और बाहर रबिउल का त्यौहार को क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर सदर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली है। मौके पर पंचायत सचिव धर्मेंद्र प्रसाद, कबीर, मनान, रंथु, उदय, नईम, आकाश, मंगरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है : दिलीप



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही चटकपुर के लोलस फॉर्म मैदान में एस टी क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन। इस अवसर पर पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो ने कहा कि खेल से खिलाडियों का मानशिक और शारीरिक विकास होता है। खेल से कैरियर बनायें खिलाड़ी तथा खेल को खेल की भावना से अनुशासन के साथ खेलना चाहिये जिसे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से 32 टीम और बालिका वर्ग में 16 टीमों ने भाग लिया था.बालक वर्ग में प्रथम स्थान डीसीएन को पुरस्कार स्वरूप 25 हजार नगद, जर्सी सेट व टॉफी और उपविजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 18 हजार रु जर्सी सेट व टॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 12 हजार और फुटबॉल तथा चतुर्थ पुरस्कार 10 हजार और फुटबॉल दिया गया। वही बालिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार एलओसी ईंटा को 10 हजार रु शील्ड व जर्सी, द्वितीय पुरस्कार पिके पतलो की टीम को 7 हजार रु जर्सी व शील्ड दिया गया। मौके पर पूर्व उपयुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन प्रसाद, मुखिया शोभा देवी समाजसेवी महावीर प्रसाद अध्यक्ष रिझु महतो, उपाध्यक्ष रमेश, सचिव सुनील सहित सैकड़ो खेलप्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

# शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए शैलपुत्री फाउंडेशन को रास सांसद ने किया सम्मानित



**शैलपुत्री फाउंडेशन का कार्य सराहनीय : धीरज प्रसाद साहू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भरनो।** शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने हेतु शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल भरनो को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सम्मानित किया। रांची के महेंद्र सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित विद्यालय सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन नेशनल स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों के लगभग 100 विद्यालय सम्मिलित हुए थे। गुमला जिले में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर और उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शैलपुत्री फाउंडेशन के निदेशक विनय कुमार केसरी और उनकी पूरी टीम को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और नेशनल एसोसिएशन स्कूल के द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में निदेशक विनय केशरी, गुड़िया केशरी, अनीता बारला, विकास गुप्ता, श्रुति केशरी, दीपशिखा गुप्ता, स्वाति तिर्की, नेहा गुप्ता, अंकिता उरांव, काजल कुमारी, निर्मला कुमारी, अनिल गोप शामिल हैं।

## मिशन बदलाव ने दिखायी मानवता, रात्रि एक बजे ब्लड बैंक खुलवा कर उपलब्ध कराया खून



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के नगर सचिव बिनय गोप और सदस्य जनक कुमार ने बताया कि रात 10:30 बजे गुमला के कलिगा पंचायत के रकमसेरा से गर्भवती महिला मालती देवी को सदर हॉस्पिटल गुमला लाया गया था और उनकी जांच की गई। जांच के दौरान डॉक्टर ने रांची रिम्स रेफर करने के लिए डिस्चार्ज कर दिया। इस कारण से परिवार में घबराहट और सुविधा नहीं होने के कारण वह मिशन बदलाव के नगर सचिव बिनय गोप, सदस्य जनक कुमार और कार्तिक कुमार को सूचना देकर समस्या के समाधान के लिये मदद मांगी। मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातून को कॉल किया और डिस्चार्ज पेपर उनको दिखाया गया। सैयदा खातून ने सदर अस्पताल के डीएम से बात की। उन्होंने उनकी व्यवस्था के लिए आश्वासन दिया कि थोड़ा समय दीजिए मैं इनका डिलीवरी केस को लेकर जो अभी ड्यूटी पर डॉक्टर हैं उनसे बात करता हूं। उन्होंने डॉक्टर से बात करके बताया कि रात के 11:30 बजे मालती देवी को ऑपरेशन रूम में ले गए। साथ ही डॉक्टर साहब ने मालती देवी के लिए ब्लड की व्यवस्था का पेपर बना दिया। जनक और कार्तिक ब्लड बैंक गये तो ब्लड बैंक बंद मिला। अत्यंत जरूरी ब्लड की आवश्यकता के डिमांड को लेकर उन्होंने सिविल सर्जन को कॉल किया। फिर उपायुक्त को भी फोन किया। सिविल सर्जन और डीसी दोनों ने फोन नहीं उठाया। गुमला थाना में फोन किया वहां भी फोन नहीं उठाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को भी सूचना देने के लिए कॉल किया तो उन्होंने भी कॉल नहीं उठाया। उन्होंने उपायुक्त के आवास पर जाकर डीसी के पास ब्लड की व्यवस्था को लेकर मांग रखी, तब उपायुक्त ने अपने प्रयासों से उन्हें खून मुहैया कराया।

## आयुष्मान भारत की पांचवीं वर्षगांठ पर सदर अस्पताल कर्मियों ने निकाली प्रभातफेरी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** आयुष्मान भारत की पांचवी वर्षगांठ पर अस्पताल के कर्मियों व नर्सों ने प्रभात फेरी निकाल पूरे शहर का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में सभी नारे लगाते हुए चल रहे थे। आयुष्मान कार्ड बनाएंगे, सबको स्वस्थ बनाएंगे के नारा के साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा था। इस अवसर पर डीपीएम प्रियंका कश्यप ने बताया कि आयुष्मान भारत के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सदर अस्पताल में सैकड़ों गरीबों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और उन्हें उनका लाभ भी मिला। वहीं बताया कि इस कार्ड के बनने से लोगों को 5 लाख तक का इलाज मुफ्त में किया जाता है। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की कि भारत सरकार की इस योजना का सभी लाभ उठाएं। वहीं प्रभात फेरी में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अनुपम किशोर, डीपीएम प्रियंका कश्यप के अलावा अस्पताल कर्मी और नर्स शामिल थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा

# जनमानस को एक बना कर राज्य में अब बदलाव लाने की जरूरत है

**राज्य में बदलाव लाने के लिए 29-30 सितंबर और एक अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आजसू की ओर से केंद्रीय महाअधिवेशन का आयोजन किया जाएगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड अलग राज्य बनाने के बाद भी राज्य का मकसद पूरा नहीं हो सका है। राज्य में अब बदलाव लाने की जरूरत है। परंतु जब तक जनमानस की एक राय नहीं बनेगी, तब तक राज्य और राज्यवासियों का विकास संभव नहीं है। उक्त बातें आजसू नेता डॉक्टर देवशरण भगत ने शनिवार को सर्किट हाउस गुमला में प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव लाने के लिए 29-30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आजसू की ओर से केंद्रीय महाअधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। अधिवेशन की तैयारी चल रही है अधिवेशन में गांव से लेकर देश और विदेश तक के लोग शामिल होंगे। अधिवेशन लोगों के लिए एक खुला मंच रहेगा। जहां लोग बेबाक रूप से अपनी बातों को रख सकें और सुझाव दे सकें। सभी की बातों और सुझाव से एक आम राय बनाई जाएगी। जिससे राज्य और राज्यवासियों की एक नई दिशा व दशा तय होगी। अधिवेशन में सहभागिता निभाने के लिए 9990599905 नंबर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से रजिस्ट्रेशन का काम चल रहा है। उपरोक्त नंबर पर मिस्ड कॉल कर भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। साथ ही घर पर बैठे-बैठे ही वीडियो बनाकर अपनी बात और सुझाव रख सकते हैं। अधिवेशन की सफलता के लिए जाने-माने विशेषज्ञों और तकनीकी संस्थानों से भी लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। हमारा प्रयास है उक्त अधिवेशन से एक नया लीडरशिप सामने आए। डॉ देवशरण भगत ने कहा कि अधिवेशन की सफलता के लिए गुमला जिले से भी सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डॉक्टर देवशरण ने बताया कि अधिवेशन से पूर्व 26 सितंबर को चैनपुर के लूथरन मैदान में गुमला विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। इसकी भी तैयारी जोर-जोर से चल रही है। उक्त समारोह में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो भी शिरकत करेंगे। मौके पर आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, प्रधान सचिव आनंद कुमार गुप्ता, ज्योत्सना केरकेट्टा, सुनील कुल्लू, बोनिफास कुजूर, उत्तम साहू, सानू कुमार, फगुआ साहु, वीरेंद्र राम महली, कृष्णा महली, श्रीकांत गिरी, मेघनाथ साहू, विकास अग्रवाल, किरण सिंह, प्रेम पवन तिग्गा एवं अन्य पार्टी के कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

## नशीले पदार्थ के अवैध कारोबार में लिप्त बड़े चेहरों से नकाब उठाना जरूरी : रमेश

**एसपी को पत्र लिखकर कर नशा के बड़े सौदागरों को पकड़ने की लगाई गुहार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस विभाग गुमला द्वारा गुमला में अवैध रूप से ब्राउन शुगर, चरस, गांजा, अफीम, नशीले सिरप जैसे नशीले पदार्थों की छापेमारी में भारी मात्रा में नशा के सामान बरामद हो रहे हैं। हाल के दिनों में पुलिस विभाग गुमला के द्वारा इस नशीले कारोबार में लिप्त कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जो सराहनीय कदम है। लेकिन नशे का व्यापार अभी भी धड़ल्ले से हो रहा है इसका शिकार मुख्य रूप से स्थानीय बच्चे हो रहे हैं। यह कहना है समाजसेवी सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी का। उन्होंने गुमला के पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में एक पत्र भी सौंपा है। इस पत्र में कहा गया है कि बच्चों में नशे की यह लत दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है । अनेक अभिभावक भी लोक लाज के कारण बच्चों में नशे की लत होने के बावजूद चुप हैं। जिससे अपराध में बढ़ोतरी की भी संभावना है । पुलिस छापेमारी में कुछ स्थानीय बच्चे भी गिरफ्तार हुए हैं। लेकिन इसकी तह में जाने की जरूरत है। इन्हें यह नशीले पदार्थ कहां से उपलब्ध हो रहे हैं, उस बड़े सौदागर को धर दबोचना जरूरी है ताकि इसका स्थायी समाधान हो सके। साथ ही साथ नशे के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों तथा सार्वजनिक स्थानों में भी पुलिस विभाग के द्वारा नशीले पदार्थ के सेवन पर नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाने एवं बेचने तथा सेवन करने पर दण्ड आदि की जानकारी देने की आवश्यकता है। ताकि बच्चे तथा अभिभावक जागरूक हो सके तथा बेधड़क ऐसे नशीले पदार्थ इनके समक्ष प्रस्तुत करने वालों की जानकारी पुलिस विभाग को दें।

## ऑटो और बाइक की टक्कर में दो की मौत, आधा दर्जन लोग घायल



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो चट्टी मुख्य मार्ग पर रविवार की शाम को महुवाटोली के समीप ऑटो और बाइक की टक्कर के बाद ऑटो पलटने से दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। भरनो अस्पताल में इलाज के बाद चार लोगों को रिम्स रेफर किया गया है। मृतकों में समसेरा करंजटोली निवासी बाइक चालक युवक मोहन उरांव और ऑटो सवार सिलाफरी निवासी वृद्ध भोदा साहू शामिल हैं। जबकि घायलों में ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ की झारखंड प्रदेश समिति का गठन

**सर्वसम्मति से नये पदाधिकारियों का हुआ चुनाव, अमरनाथ गुप्ता बने अध्यक्ष**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** अखिल भारतीय प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ की झारखंड प्रदेश समिति का गठन गुमला में लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। यह कार्यक्रम होटल नीलेश गुमला में आयोजित किया गया। इसमें झारखंड राज्य के दर्जन भर जिलों के सैकड़ों प्रज्ञा केंद्र संचालक, जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। चुनावी प्रक्रिया मतदान से संपन्न हुई और सर्वसम्मति से नये पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, महासचिव कुणाल भगत, कार्यकारी कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार वैभव, उपाध्यक्ष संजीत जयसवाल, उपसचिव कपिलदेव शुक्ला का चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार, सचिन कश्यप, बालमोहन साहू, संजय जायसवाल, पंकज गुप्ता, युसूफ अंसारी, रोशन नाग, बंगी मल्लाह, मालती उरांव, भारत सिंह, अमित कुमार, प्रभु कश्यप आदि की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संतोष त्रिपाठी और धन्यवाद ज्ञापन संगीता मिंज ने किया।

**कार्यक्रम :** रेस लिड्स परियोजना ने गुमला में किया जिला स्तरीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन

# रेस लिड्स ने बिशुनपुर में 12 जगहों पर सोलर लिफ्ट एरिगेशन, एलइडी बल्ब की मन्युफैकचरिंग यूनिट स्थापित की है : योगेश राय

**यदि मीडिया बंधुओं का सहयोग मिल जाये तो गुमला जिले में सभी लोगों को एनर्जी के क्षेत्र में जानकारी देकर उन्हें जोड़ने का कार्य करेंगे : टेक्निकल एक्सपर्ट**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** रविवार को बिन्देश अपार्टमेंट गुमला में रेस लिड्स के तत्वाधान में एकदिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ रेस लीड्स गुमला जिला समन्वयक योगेश राय के द्वारा किया गया। मिस्टर राय ने रेस लीड्स के कार्यक्षेत्र की जानकारी दी और मीडिया के बंधुओं का स्वागत किया। डीपीएम योगेश राय ने बताया कि इस परियोजना में हम पिछले चार सालों से गुमला जिले के बिशुनपुर ब्लाक में मॉडल ग्राम के रूप में कार्य कर रहे हैं और अभी तक लगभग 975 घरों में सोलर से संबंधित उपकरण रेस परियोजना के माध्यम से लगवाकर उपयोग किया जा रहा है, साथ ही बिशुनपुर प्रखंड में 12 जगहों पर सोलर लिफ्ट एरिगेशन, एलईडी बल्ब कि मनुफैकचरिंग यूनिट स्थापित की गयी है। साथ ही 500 युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जा चुका है। और आगे भी अनवरत जारी है। साथ ही रेस परियोजना के द्वारा बिशुनपुर क्षेत्र में आज ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

राय ने कहा कि इस परियोजना के द्वारा सबसे लोकप्रिय रेस ब्रांड के नाम से जो एलईडी बल्ब बिशुनपुर ब्लाक में बनाई जा रही बहुत ही सस्ते व आसानी से लोंगो को उपलब्ध करा कर क्षेत्र में टेक्निकल को बढ़ावा देकर अधिक संख्या में लोंगो को जागरूक कर रही है।

बीपीएम बिपिन तिवारी ने बताया कि जिस गति से बिशुनपुर प्रखंड में रिनॉवेल एनर्जी के क्षेत्र में कार्य किया गया है हम चाहते हैं कि मीडिया बंधु के सहयोग से गुमला के सभी ब्लॉक में बिशुनपुर के मॉडल को प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक करें। तत्पश्चात रेस टीम के टेक्निकल एक्सपर्ट मनीष जी ने बताया कि यहां के युवा भी टेक्निकल क्षेत्र में बहुत जानकारी रखते थे, लेकिन प्रशिक्षण के अभाव में इन लोगों को सही दिशा नहीं मिल पा रही थी लेकिन इस परियोजना के माध्यम से अब तक 590 युवाओं को टेक्निकल सह स्किल के क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी बनाया गया है। यदि मीडिया बंधुओं का सहयोग मिल जाये तो इस गुमला जिले में सभी लोगों को एनर्जी के क्षेत्र में जानकारी देकर उन्हें जोड़ने का कार्य करेंगे। आगे के क्रम में पत्रकार बंधु व रेस टीम के साथ प्रश्नोत्तर कार्यक्रम हुआ जिसमें पत्रकार बंधुओं ने कहा यदि युवाओं को ग्रामीण स्तर पर तैयार किया जाये, जिससे वह ग्रामीण स्तर पर रोजगार प्राप्त कर बाहर न जायें, और बाहर जाने से रोकने के लिए उनके स्किल को बढ़ावा दें तो इस पर हम सब मिलकर रेस लिड्स का सहयोग करेंगे। साथ ही कुछ अच्छे कार्यों को सफलता की कहानी के माध्यम से लोगों को भी जागरूक करने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम का समापन पुनः डीपीएम के द्वारा आये हुए सभी पत्रकार एवं प्रिंट मीडिया बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में रेस परियोजना के डीपीएम योगेश राय, टेक्निकल एक्सपर्ट मनीष जी, बीपीएम बिपिन जी, शत्रुघ्न लकड़ा, अरुण जी, अमित जी, सौरभ जी सहित सभी रेस के स्टॉफ उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बनई पंचायत के कोहड़ाटोली चर्च परिसर में करम पूर्व संध्या धूमधाम से मनाया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनई पंचायत अंतर्गत कोहड़ाटोली चर्च परिसर में करम पूर्व संध्या धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बनई मुखिया एमलेन कुल्लू ने कहा कि पर्व त्यौहार हमारे पूर्वजों की देन है और हम यहां के निवासी एक दूसरे से परस्पर मिलजुल कर रहते हैं। हमें अपनी संस्कृति, भाषा और परंपरा को बनाये रखने की जरूरत है और इसे बनाये रखने में ये पर्व त्यौहार महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इस मौके पर प्रतिभागियों के बीच अतिथियों द्वारा पुरस्कार का भी वितरण किया गया। इस मौके पर पल्ली पुरोहित फादर जेम्स विक्रांत डुंगडुंग, फा जॉन बेक, फा जॉन डुंगडुंग, सिस्टर अनूपा टोप्पो, सि. मन थापा, सि. प्रियंका सोरेंग, सि. बिनीता सुरीन, सि. रेशमा मिंज, सि. खिस्ती मिंज समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा की बैठक में करम पूजा की तैयारियों पर की गयी चर्चा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** पड़हा भवन बसिया में रविवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा की बैठक मनोहर उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में करमा पूजा 25 सितंबर को मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जिसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर संत कुमार उरांव, बिनय पाहन, सुखराम उरांव, चंद्र किशोर भगत, हरखमैन भगत, चंदा उरांव, बिरसा खड़िया, सुशील सोरेंग, जीता मिंज, भीमसेन उरांव, बुधु उरांव, बिरसमनी उरांव, पूनम उरांव, राजमुनी उरांव, चंद्रमणि उरांव, चम्पावती देवी आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय सरना समिति के करम पूर्व संध्या कार्यक्रम में 55 खोड़हा दल हुए शामिल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय सरना समिति के द्वारा रविवार को थाना चौक स्थित सरना स्थल में करमा पूर्व संध्या मनाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 55 खोड़हा दल पारंपरिक वेश-भूषा में शामिल होकर ढोल-नगाड़े की थाप पर मनोरंजक करमा गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि करमा पर्व भाई-बहन के आपसी प्रेम का प्रतीक है। पर्व त्योहार समाज को जोड़ने, आपसी भाईचारा बढ़ाने और आपस में मिलकर खुशियां बांटने के लिए होता है। करमा पर्व लोगों को प्राकृति से जुड़ने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश देता है। वहीं पर्व त्यौहार दूरदराज के रिश्तेदारों से मिलने और उनसे नजदीकियां बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने और लोगों को नशापान से दूर रहने की अपील की। करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में शामिल सभी खोड़हा दलों को विधायक के सौजन्य से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, मुखिया सुनीता देवी, केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष महादेव उरांव, सचिव रोपना उरांव, जगदेव उरांव, कैप्टन लोहरा उरांव, धुमा उरांव, साधो उरांव, सचिदानंद उरांव, धनेश्वर उरांव, रामनिवास उरांव, सुरेन्द्र भगत, सोमेश उरांव, मंजू भगत, सुखदेव उरांव सहित भारी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## कुड़ोछत्रपुर पंचायत परिसर में करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह आयोजित



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रविवार को मांझाटोली स्थित कुड़ोछत्रपुर पंचायत परिसर में मुखिया चुंया कुजूर और उपप्रमुख दीपक कुजूर की अगुवाई में करमा पूर्व संध्या सह करमा मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये खोड़हा दलों द्वारा करमा डाली की विधिवत पूजा अर्चना की गयी और भाई बहनों की स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के बाद सामूहिक रूप से सभी खोड़हा दलों ने करमा गीत संगीत पर ढोल मांदर की थाप पर जमकर नृत्य किया। करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में मुखिया चुंया कुजूर ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन से हमारी संस्कृति, रीति रिवाज संरक्षित होती है। पंचायत परिसर में कार्यक्रम के पश्चात जुलूस के साथ सभी खोड़हा नाचते गाते मेन रोड होते हुए पंखराज साहेब बाबा कार्तिक उरांव चौक तक गए जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर उपप्रमुख दीपक कुजूर, मंचन बेक, सुधीर एक्का, मंगरू मुंडा, बासदेव उरांव, सुकरू बेक, देवतु उरांव, कमला कुजूर, सहबैत उराइन, बसंती उराइन, रतिया कुजूर, प्रवीण एक्का, चेतन बड़ाईक, गोपाल कुजूर, अजित लकड़ा, डहरू उरांव, जीवंती माला उरांव, प्रेमा लकड़ा, रेणु संगीता लकड़ा, गुजरू कुजूर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हनुमान वाटिका घाघरा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बिरेंद्र साहू और सचिव बने संतोष साहू

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** श्री हनुमान वाटिका दुर्गा पूजा समिति घाघरा में रविवार की सुबह बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं पुरानी कमेटी को यथावत रखते हुए अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, सचिव संतोष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष बसंत जायसवाल, उपाध्यक्ष टिंकू जयसवाल, सहसचिव सत्येंद्र मिश्रा, सह-कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार गुप्ता, पूजा प्रभारी अशोक साहू, अमन जयसवाल, चंदा प्रभारी आनंद साहू, आदित्य जयसवाल, किशोर साहू, भुवनेश्वर लोहार, रोशन साहू के नाम शामिल हैं। इस मौके पर किशोर जायसवाल, विपिन बिहारी सिंह, अशोक उरांव, अनिल भगत, राम प्रताप जायसवाल, बिंदेश्वर यादव, प्रदीप प्रसाद, रामजतन साहू, रामध्यान साहू, अनिरुद्ध चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### तेज हवा-बारिश में ढहा आशियाना, बाल-बाल बचे तीन लोग



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में लगातार तेज हवाएं और बारिश विधवा महिला पर आफत बनकर बरसी। बारिश के कारण विधवा महिला का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। हालांकि परिवार के सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचाई। उधर, बेघर हुए पीड़ित परिवार का हाल जानने कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुअरि ग्राम पंचायत के कोइरी बीघा की विधवा महिला शांति कुंवर ने बताया कि कई वर्ष पहले उसके पति नागेंद्र मेहता का निधन हो गया था। वह दो छोटे बच्चों के साथ रहकर किसी तरह अपना गुजर-बसर कर रही है। लेकिन अब घर गिर जाने से से वो बारिश के मौसम में बेघर हो गयी हैं। उधर, जानकारी मिलने पर मुखिया सरिता कुमारी, बिमलेश पासवान, ललन प्रसाद, वीरेंद्र चौहान, राजेंद्र मेहता ने उसके घर पहुंचकर ढांढ़स बंधाया। मुखिया सरिता कुमारी ने बताया कि विधवा की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। मकान क्षतिग्रस्त होने के कारण उसका पूरा परिवार सड़क पर आ गया है। स्थानीय प्रशासन व सरकार मामले में संज्ञान लेकर विधवा को उचित मुआवजा दिलाएं। ताकि, वह दोबारा घर का निर्माण करवा सके।

### जपला सिंचाई कालोनी परिसर से चोरी, प्राथमिकी दर्ज


हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला सिंचाई कालोनी परिसर स्थित भंडार की दीवार तोड़कर सामानों की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में राकेश रंजन, उत्तर कोयल बांध एवं बराज प्रमंडल, मोहम्मदगंज के अधीन कनीय अभियंता (संविदा) के पद पर कार्यरत ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि उनके क्षेत्र में जपला सिंचाई कॉलोनी का क्षेत्र भी आता है। बताया कि 22 सितंबर को कार्यालय परिचारी सुरेश प्रसाद सिंह से सूचना मिली कि जपला सिंचाई कॉलनी स्थित भंडार से दिवार तोड़कर कुछ सामानों की चोरी की गयी है। उक्त स्थल पर पहुंचकर अपने प्रभार के सामने का मिलान किया। जिसमें रॉड पाइप आदि नदारद थे। हुसैनाबाद पुलिस ने कनीय अभियंता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

### सड़क दुर्घटना में महिला सहित चार घायल

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर-बी मोड़ मुख्य सड़क पर बरवाडीह गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उनकी पहचान बिहार के मदनपुर थाना क्षेत्र निवासी सीता देवी, सुनील पासवान, रामचंद्र पासवान, क्रांति कुमार और नागेंद्र पासवान के रूप में हुई है। चारों घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार सभी घायल एक ही परिवार के हैं। सभी छत्तीसगढ़ से कार से बिहार अपने घर जा रहे थे। इसी बीच बरवाडीह गांव के पास सामने से आ रही बाइक से टकराते हुए पुलिया के गार्डवाल से टकरा गई।

### मंटु टेंट हाउस की मां के निधन पर बसपा नेता सहित कई लोगों ने जताया शोक

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज नप क्षेत्र के वैध विघा निवासी सहमंटू टेंट हाउस के संचालक कृष्णा राम की पत्नी सरस्वती देवी (60) की मौत शनिवार की देर रात हृदय गति रुकने से हो गई। उनकी मौत से परिजनों सहित क्षेत्र में काफी शोक की लहर है। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि ने दाह संस्कार में शामिल होकर परिजनों को ढांढस बंधाया और हर शुख दुख में शामिल हो कर मदद करने की बात कही। मृतक के मंटु राम, संटू राम, पिंटु राम व छोटु कुमार सहित चार पुत्र हैं। मृतक सरस्वती देवी का दाह संस्कार नप क्षेत्र के थाना रोड बटाने नदी घाट पर किया गया। मृतका के पति कृष्णा राम ने मुखाग्नि दी। दाह संस्कार में पूर्व बसपा प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि, मीडिया प्रभारी शुशील कुमार रवि, कामेश्वर राम, वैजनाथ राम, धनंजय चौधरी, अनुज पासवान, विरेंद्र राम, बबलू कुमार, भानु साव,अनिल साव, संजय राम, अजय राम, योगेंद्र राम नागेन्द्र राम विजय राम सहित सैकड़ो लोग शामिल हो कर उनकी आत्मा के शांति के लिए कामना की।






नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद पलामू सांसद का किया गया अभिनंदन

# देश के विकास में सुनिश्चित हो गयी महिलाओं की भागीदारी : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद में पारित होने के बाद पहली बार पलामू पहुंचे सांसद बीडी राम का पलामू भाजपा महिला मोर्चा एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से रेड़मा ठाकुरबाड़ी चौक पर फूल माला पहना कर व बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए महिला नेत्रियों ने सांसद को भी बधाई दी। भाजपा महिला मोर्चा पलामू जिलाध्यक्ष सीटू गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल पास होने से हम सभी महिलाएं राजनीतिक में भागीदारी बढ़ने से उत्साहित हैं। आने वाले दिनों में इसका लाभ पार्टी और समाज को भी मिलेगा। वहीं, पूर्व महापौर अरुण शंकर ने कहा कि देश विकास की ओर बढ़ रहा है। इस दौड़ में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो गई है। अब महिलाएं सशक्त रूप से समाज और देश की सेवा में तत्पर होकर आगे बढ़ेंगी। प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि अब महिलाएं अपने अधिकार एवं कर्तव्य निभाते हुए देश के सर्वांगीणक विकास में भी बढ़ चढ़कर भाग लेंगी जिससे राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका अहम हो जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष रूप सिंह ने कहा कि आने वाले समय में महिलाएं अब अपनी शक्ति एवं क्षमता से सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी समाज एवं राष्ट्र को मजबूत करेंगी। स्वागत कार्यक्रम में मंजू गुप्ता, उषा मखड़िया, सुनीता सिंह, सुमन गुप्ता, रेखा देवी, किरण अग्रवाल, सुमन सिंह, ज्योति कुमारी, रंजना देवी, रेणु देवी, उर्मिला सिंह, सुषमा अग्रवाल, कविता कुमारी, सुजाता सिंह, सत्यवती देवी, विनीता सिंह, नीलम देवी, संजू देवी, बबिता देवी, रश्मि झा, हनी कुमारी, वंदना तिवारी, आंसु कुमारी, जिया पांडे, प्रियंका पासवान, खुशबू देवी, ललिता देवी, सविता देवी, सविता देवी, दीपिका झा, विभाकर पांडे, प्रफुल्ल सिंह, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्र, सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडे, छोटू सिन्हा, दीपक सिंह, संजय कुमार, मनोरंजन दूबे, सुनील पांडे, शुभग तिवारी, आनंद प्रकाश तिवारी, प्रजापति तिवारी, भोला पांडे,रमेश कुमार एवं पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीलर ने पांच किलो की जगह बांटा ढाई किलो राशन, ग्रामीणों का हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। पांकी प्रखंड के पकरिया पंचायत के बांकी खुर्द, वृतिया डंडार के डीलर इंद्रदेव राम के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया है। बतातें चलें कि बांकी खुर्द और वृतिया डंडार की डीलर सामला कुंवर थी। राशन नहीं देने और कालाबाजारी के आरोप में उन्हें इसी साल जून महीने में निलंबित कर दिया गया। उनके निलंबन के बाद वहां के लाभुकों को बसरिया गांव के डीलर इंद्रदेव राम से टैग कर दिया गया। वहां के लाभुकों का राशन डीलर इंद्रदेव राम के स्टॉक ने टैग हो गया और उसे आदेशित किया गया कि वह उपरोक्त दोनों गांवों के लाभुकों को अपने यहां से राशन वितरण करेंगे। पर इंद्रदेव राम भी लाभुकों को राशन नहीं दे रहे हैं। कुछ लाभुकों को राशन दे रहे हैं तो निर्धारित मात्रा से काफी कम। वृतिया डंडार और बांकीखुर्द के लाभुकों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष आवेदन देकर डीलर इंद्रदेव राम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ब्रह्मनारायण पांडे, राहुल पाठक, नंदकुमार पाठक, वीरेंद्र पांडे, अभय पांडे, महेंद्र साव, शंभू नाथ, गुलाबी भुइयां, मनोरमा देवी, पूनम देवी, कबूतरी देवी, गुलवंती कुंवर आदि ने बताया कि डीलर ने जून व सितंबर महीने का राशन नहीं दिया है। ऐसे में हमने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर उसका लाइसेंस रद्द करने की मांग की है। बतातें चलें कि डीलर इंद्रदेव राम बसरिया गांव का भी स्थाई डीलर है। जब बसरिया गांव के ग्रामीण राशन लेने डीलर के दुकान पर पहुंचे तो उन्हें प्रति यूनिट ढ़ाई किलो राशन दिया। कुछ लोगों ने राशन लिया, जबकि कुछ लोगों ने विरोध स्वरूप राशन नहीं लिया। बसरिया गांव के यासीन खान, मकबूल अंसारी, शेरमोहम्मद खान, अनवरी बीबी, नजीर अंसारी, साजो बीवी सहित कई लाभुकों ने बताया कि जब हम डीलर के पास राशन लेने गए तो डीलर इंद्रदेव राम ने कहा कि राशन इस बार कम आया है। इसलिए कम ही राशन देंगे और एक यूनिट पर ढ़ाई किलो राशन मिलेगा।

### महायज्ञ की सफलता के लिए सदस्यों का हर घर पहुंचने का अभियान शुरू



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। 28 सितंबर को हनुमंत पूजा के लिए भागवत कथा समिति के सदस्य रविवार को नगरनिगम में आमंत्रित करना प्रारंभ किया।राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय से आमंत्रण रथ निकल कर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरकर सनातनियों को आमंत्रित किया।आमंत्रण रथ का नेतृत्व सनातनी धर्म रक्षक अर्जुन पाण्डेय(गुरु पाण्डेय) कर रहे थे। काफिले के रुप में निकले आमंत्रण रथ में सबसे आगे आकर्षक रुप सुसज्जित रथ चल रहा था जिसमें कर्णप्रिय मधुर भजन से पुरा इलाका गुंजाएमान हो रहा था।इस दौरान शहर के गणमान्य लोगों को राधे राधे लिखित पट्टा व मोमेंटम देकर महायज्ञ में आमंत्रित किया गया।अपने तरह का यह अनोखा दृश्य दृष्टिगोचर हो रहा था जब महायज्ञ समिति महायज्ञ की सफलता के लिए पूरे सनातनियों को आमंत्रित करने निकली थी।मालूम हो की हाउसिंग कालोनी के प्रांगण में 21नवंबर 28नवंबर तक परमपूज्य देवकीनन्दन ठाकुर जी का भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 28 सितंबर को हाउसिंग कालोनी के प्रांगण में हनुमंत पूजा का आयोजन किया गया है जिसके लिए सनातनियों को आमंत्रित किया जा रहा है।इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक कृष्णकांत चौबे, मनु प्रसाद तिवारी, आशीष भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय, प्रमंडलीय संरक्षक बृजेश शुक्ला,शैलेश प्रदीप दूबे, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, त्रिपुरारी

### दिल्ली विवि में ऐतिहासिक जीत पर पलामू विद्यार्थी परिषद ने मनायी खुशी



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विद्यार्थी परिषद द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय में हुए चूनाव में परिषद की ऐतिहासिक जीत से उत्साहित होकर एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। मेदिनीनगर के नगर मंत्री रामाशंकर पसवान ने कहा कि परिषद स्थापना काल के बाद से हमेशा से छात्र हित, सामाजिक हित और राष्ट्रहित के मुद्दे को लेकर के हमेशा से समाज में मुखर रही हैं। इसी का परिणाम है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में परिषद के कार्यकर्ता भारी अंतर से जीत दर्ज किए हैं। इस जीत से परिषद के समस्त कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। वहीं, प्रदेश सह खेल कूद प्रमुख अभय वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में परिषद का कार्य हर ओर बढ़ते हुए दिख रहा है। छात्रों के बीच विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में विश्वसनीयता बढ़ी हैं, क्योंकि परिषद के कार्यकर्ता लगातार 365 दिन कॉलेज कैंपसों में छात्र हित के विषय को लेकर मुखर रहते हैं। इस जीत से पलामू के प्रत्येक कार्यकर्ता उत्साहित हैं। मौके पर विनीत पांडे, गोविंद मेहता, नितीश दूबे, राहुल कुमार चेरों, उत्कर्ष तिवारी, रोहित गुप्ता, सुजीत मिश्रा, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, सतीश सिंह, शक्ति सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के नेतृत्व में किसानों ने सुनी पीएम की मन की बात

## केंद्र सरकार की योजनाओं से किसानों की बदल रही दिशा-दशाः कर्नल संजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



हुसैनाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 105 वां संस्करण भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत महुअरी प्राथमिक विद्यालय पर सुना गया। इसमें भाजपा जिला महामंत्री संतोष सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, पंसस बद्रीनारायण सिंह, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष यमुना प्रसाद सिंह आदी उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों की समस्या हल करने के लिए कटिबद्ध है। महिला आरक्षण बिल से महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। मोदी सरकार की योजनाओं से किसानों की दिशा व दशा बदल रही है। लेकिन कुछ खामियां अभी भी है जिसे सामाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। किसान सम्मन निधि का पैसा सभी किसानों को मिले इसके लिए किसान ब्रिगेड जल्द ही हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का घेराव कर इसका निराकरण कराएगी। इस अवसर पर किसान सत्यनारायण सिंह, किसान तिवारी, श्याम बिहारी सिंह, दिनानाथ सिंह, नंद किशोर तिवारी, परशुराम तिवारी शिवमंगल राम, मृत्युंजय सिंह , सुनील मेहता ,सुदर्शन सिंह, लखन मेहता, शम्भु ठाकुर, दीलीप सिंह राजेश्वर सिंह ,अनिता देवी उर्मिला देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### महंगाई, लूट और हत्या के प्रतिवाद में छह अक्टूबर को होगा प्रदर्शन : भाकपा-माले



सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय कैडर कन्वेंशन को लेकर सतबरवा के रेवारातु में अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा माले कि संयुक्त बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सतबरवा प्रखंड सदस्य कमेटी कामरेड हकीक अंसारी ने किया। इसमें नीलांबर पीतांबरपुर सह सतबरवा प्रखंड कमेटी सचिव कमेश सिंह चेरो उपस्थित थे। बैठक में कई मुद्दों पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित कमेश सिंह चरो ने कहा कि अनावृष्टि के कारण सतबरवा प्रखंड समेत पूरे पलामू प्रमंडल में हमेशा अकाल की समस्या बनी रहती है। इस अकाल से जनप्रतिनिधियों का कोई लेना-देना नहीं, जबकि सतबरवा प्रखंड के तीन विधायक और दो सांसद नेतृत्व करते हैं, लेकिन पलामू जिले या प्रखंड की हालात दयनीय है। उन्होंने कहा कि किसान मजदूर बेरोजगार की हालत सबसे ज्यादा खराब है। लगातार दो वर्षों से अकाल की चपेट में पड़ते आ रहा, लेकिन किसी को ध्यान नहीं है। सतबरवा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी बहुत ही तानाशाह और भ्रष्ट पदाधिकारी हैं, जिनका संरक्षण स्थानीय विधायकों का मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि अकाल के समय गरीब गुरबो के लाल कार्ड धारी का राशन हड़प लिया गया है। इस पर भी सभी जनप्रतिनिधियों की बोलती बंद है। प्रखंड कार्यालय में इस बीडीओ के नेतृत्व में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बैठक में किसानों-मजदूरों की समस्याएं, भ्रष्टाचार, महंगाई, लूट व हत्या के खिलाफ छह अक्टूबर को प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। मौके पर खलील अंसारी, आलम अंसारी,अख्तर अंसारी,कौसर अंसारी आदि थे।

### शिक्षक की मां की तीसरी पुण्य तिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज कौवाखोह आवासीय विद्यालय के शिक्षक विंदेश्वरी राम के सतगांवा स्थित आवास पर उनकी दिवंगत माता कबूतरी देवी की तीसरी पुण्य तिथि एक सादा कार्यक्रम के माध्यम से मनाया गया। दिवंगत कबूतरी देवी के पति केश्वरी राम, गढ़वा अपर समाहर्ता विजय राम, बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, पूर्व जिला परिषद आशा कुमारी, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, लखन यादव, संजय मेहता, शिक्षक सुरेन्द्र राम, कुंदन कुमार, सुरेश राम, गणेश राम, राजेन्द्र राम, टुडे, विशेश्वर राम, अजय कुमार,अजय राम, बृजमोहन राम, अविनाश कुमार सहित कई लोगों ने उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए याद किया।
















## बराकर नदी में डूबे युवक का शव सुंदर नगर घाट से बरामद

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भगवान गणेश की पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान शनिवार की रात बराकर नदी में डूबे चिरकुंडा सोनाडगाल निवासी गौतम साव की मौत हो गयी। रविवार को सुंदर नगर के समीप घाट से उसका शव बरामद किया गया। चिरकुंडा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बराकर नदी में शनिवार की रात सुंदर नगर के दर्जनों लोग प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचे थे। इस दौरान सोनाडगाल निवासी गौतम साव को डूबते देखा। उसे बचाने के लिए कई लोगों ने नदी में छलांग लगा दी। पर नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण वे उसे बचा नहीं सके। नदी किनारे खड़ी बाइक देखकर गौतम की पहचान की गयी। स्थानीय लोगों की मानें तो गौतम की शादी 7 वर्ष पूर्व हुई थी। उसका एक बेटा व बेटी है।

# झारखंड की संस्कृति ही झारखंडियों की पहचान : राजेश महतो

**सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए मंच का योगदान सराहनीय : दयामय बानुआर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** वृहद झारखंड कला सांस्कृतिक मंच की ओर से रविवार को करम महोत्सव डहरे करम बेड़हा का आयोजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच आकर्षक झांकियों के साथ करम शोभायात्रा निकाली गई, जो चास के आइटीआई मोड़ से बिरसा चौक नया मोड़ पहुंचकर करम आखड़ा में तब्दील हो गई। इस अवसर पर 15-20 लोगों की करम टीम ने जावा के साथ भाग लिया। पारंपरिक वेसभूषा के साथ सभी मांदर की थाप पर करम गीतों की धुन पर थिरकते नजर आये। इस अवसर पर 500 से अधिक मांदर, ढोल, नगाढ़ा के साथ निकली भव्य करम रैली में उमड़े लोगों के हुजूम के साथ



करम महोत्सव डहरे करम बेड़हा में उमड़ा लोगों का हुजूम।

चास आइटीआई मोड़ से नयामोड़ के बिरसा चौक पहुंची। जहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समापन हुआ। मंच के संयोजक जिप सदस्य राजेश महतो ने कहा कि करम पर्व झारखंड की समृद्धिशाली सांस्कृतिक त्योहार है। इस सांस्कृतिक विरासत को बचाने, उसके संरक्षण और संवर्धन के लिए मंच हमेशा प्रयासरत रहा है। झारखंड के मूलवासी हो या आदिवासी, सभी प्रकृतिपूजक रहे है और अपनी सांस्कृतिक उत्सवों के साथ पारंपरिक जीवन शैली के साथ अनूठी पहचान को समेटे हुए है। इस संस्कृति में आखड़ा की परिपाटी रही है कि झारखंड के लोग ढोल, नगाड़ों और मांदर की थाप पर थिरककर अपनी मां, माटी, मानुष और मातृभाषा के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं। लोगों की जबर्दस्त भागीदारी के लिए उनका आभार प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड का सांस्कृतिक पर्व करम जावा भाई-बहनों के अटूट प्रेम को दर्शाता है। सावन के महीने में रिमझिम बारिश की फुहारों में खेतों में खेती करके लहलहाते फसलों को देखकर खुश होती है और बहनें अपने भाइयों की सलामती, लंबी उम्र की कामना करते हुए करम पर्व मनाती है। इस मौके पर मुख्य संयोजक राजेश महतो, सहसंयोजक दयामय महतो, मोतीलाल महतो, भीमसेन महतो, सुबल महतो, सचिन महतो, हरेकिसन हिंदोयार, दीपक पुनोरियार, मनोज महतो, सरोज महतो, भुतेश्वर महतो, पार्वती चरण महतो, देवीलाल महतो, करण महतो, महेश मुत्रुआर, कुणाल महतो, निमाई महतो, सखाय महतो, भीमसेन महतो, सुनिता महतो, अनिता देवी, लक्खी केटियार, सरोज महतो, मनीष महतो, संकेत डूंगरियार, अजीत महतो, अमित सांखवार, देवीलाल महतो, मनिंदर केटियार, रामू महतो, खेमलाल महतो, कमलेश महतो, सचिन महतो, अनंत काड़ुवार, रामबिलास राखोहरि, बुलेट महतो, भोला बानुआर, विकास बानुआर, चितरंजन महतो, रवि महतो. श्रीनाथ महतो, जेपी महतो, लक्ष्मीकांत महतो, सरोज महतो, अशोक महतो, मनोज कुमार महतो, गोराचांद महतो, रामबिलास महतो, जयदेव महतो आदि उपस्थित थे।

## शोभायात्रा में जावा के साथ शामिल हुई 15-20 हजार लोगों की भीड़



मासस परिवार की ओर से बांटा जा रहा गमछा-पानी।

दूसरी ओर, चास प्रखंड के निकट मासस परिवार की ओर से शर्बत, पानी एवं गमछा वितरित किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी, हजारी महतो, मुक्तेश्वर महतो, मुन्ना महतो, सुबल महतो, गोगोपेश्व महतो, लक्ष्मीकांत महतो, लालमोहन रजवार, मुखिया सुबल महतो, कामदेव प्रमाण, मनोज आदि उपस्थित थे। वहीं, चास धर्मशाला मोड़ में झारखंड आंदोलनकारी की ओर से स्वागत किया गया। मौके पर पार्वती चरण महतो, कुमोद महतो, अखिलेश महतो, हाबुलाल गोराई, राजदेव माहथा आदि शामिल थे।

**कार्रवाई : आरोपितों के पास से चार बंदूक, एक देशी कट्टा, 22 कारतूस समेत अन्य सामान बरामद**

# एनसीपीएल से मांगी एक करोड़ की रंगदारी, 3 आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** तोपचांची स्थित रामाकुंडा में रेलवे साइडिंग का काम कर रही नर्सिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी (एनपीसीएल) के प्रतिनिधि से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगें जाने के मामले में धनबाद पुलिस ने तीन युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस बाबत रविवार को एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर पूरे मामले की जनकारी दी। उन्होंने बताया कि तोपचाची थाना अंतर्गत रामाकुंडा में एनसीपीएल कंपनी रेलवे साइडिंग का काम कर रही है। वहां जाकर अपराधियों द्वारा बार-बार धमकी देकर मोटी रकम की मांग की जा रही थी। कंपनी द्वारा मिली शिकायत के बाद अनुसंधान के क्रम में तीन को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान पांडरपाला के शमशेर नगर निवासी मो अकील हाशमी उर्फ राजा, मो इमरान खान और धनसार निवासी मिट्ठू उर्फ अमरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। इनके पास से एक पिस्टल, तीन रिवाल्वर, एक कट्टा, 22 कारतूस, चार मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की गयी है। एसएसपी ने बताया कि ये लोग संगठित गिरोह के लिए काम कर रहे थे। इनकी ओर से अपराधियों को हथियार मुहैया करवाए जाते हैं। अकील और इमरान का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। एसएसपी ने यह भी बताया कि इस मामले से अन्य भी जो अपराधी जुड़े है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएसपी की मानें तो मामला प्रकाश में आने के बाद ग्रामीण और सिटी एसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि जांच टीम में शामिल अधिकारियों-जवानों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, डीएसपी मुख्यालय-1, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा आदि मौजूद थे।



पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देते एसएसपी संजीव कुमार व अन्य।

# झारखंड के विश्वविद्यालयों की शिक्षा में गुणात्मकता का घोर अभाव : गुरु स्वामी

**विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में शिक्षकों की वर्षों से लंबित प्रोन्नति पर जताई चिंता**

**कमियों से करायेंगे कुलाधिपति को अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के विश्वविद्यालय की शिक्षा में गुणात्मकता का घोर अभाव है। समेकित नामांकन सूचकांक राष्ट्रीय औसत 27 अंक से काफी नीचे 15.56 पर है जो चिंता की बात है। वैसे तो पूरे देश में उच्च शिक्षा में गुणात्मकता का अभाव है, लेकिन झारखंड में यह समस्या गहरी है। उक्त बातें झारखंड के कुलाधिपति सह झारखंड के राज्यपाल के शिक्षा सलाहकार आई बाला गुरु स्वामी ने कही। वे नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में संकाय अध्यक्ष, प्राचार्य, विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों को संबोधित करते हुए कह रहे थे। उन्होंने कहा कि समय के साथ पठन-पाठन की शैली में अत्यधिक परिवर्तन आ गया है। 85 प्रतिशत पास करने वाले छात्रों में आवश्यक कौशल का अभाव रहता है जिस कारण वे बेरोजगार रह जाते हैं अथवा कम पैसों पर काम करने के लिए बाध्य होते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक एवं नई शिक्षा में क्रिटिकल थिंकिंग इनोवेशन, कम्यूनिकेशन स्किल आदि का होना आवश्यक है। सिर्फ किताबी पढ़ाई करना ही पर्याप्त नहीं है। शिक्षकों को भी बदलते हुए टेक्नोलॉजिकल परिवेश के अनुरूप खुद को



ढालना होगा, ताकि विषय के प्रति विद्यार्थियों में जिज्ञासा जाग सके और वह कुछ नया सोचने और करने के काबिल हो सके। उन्होंने झारखंड के विश्वविद्यालय में शिक्षकों के 70 से 80 फीसदी रिक्त पदों एवं शोध व इनोवेशन के संसाधनों के घोर अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए राज्य सरकार को पहल करनी चाहिए। कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों का भ्रमण कर उनमें प्राप्त कमी से कुलाधिपति को उन्होंने अवगत करा दिया है। शीघ्र स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणात्मक एवं संख्यात्मक सुधार कर राष्ट्र की तस्वीर बदली जा सकती है। विश्वविद्यालय एवं कॉलेज शिक्षकों की वर्षों से लंबित प्रोन्नति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि स्थिति बदलनी चाहिए। शिक्षा में सार्थक सुधार कर भारत विकसित देश बन सकता है। वहीं, अपने संबोधन में सभा की अध्यक्षता कर रहे नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि राज्यपाल के शिक्षा सलाहकार ई बाला गुरु स्वामी उच्च कोटि के विद्वान एवं शिक्षा विद रहे हैं जो अन्ना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं यूपीएससी के मेंबर एवं दर्जन भर शैक्षणिक संस्थाओं एवं संगठनों के सदस्य हैं। उन्होंने दर्जनों पुस्तक लिखी हैं जिनमें से कई देश-विदेश के विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाती है। श्री स्वामी मूलतः इलेक्ट्रिकल इंजीनियर रहे हैं, लेकिन उन्होंने कंप्यूटर साइंस की कई किताबें लिखी है।सभा का संचालन जीएलए कॉलेज के अंग्रेजी के प्राध्यापक डॉक्टर राघवेंद्र ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ राकेश कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रॉक्टर डॉक्टर के झा, विज्ञान विभाग के डीन एके पांडे, कॉमर्स के डीन डॉ आरपी सिंह, मानविकी के डीन आदि उपस्थित थे ।


## मान्यता प्राप्त या संस्थानों में कार्यरत पत्रकारों को ही मिलेगी धनबाद प्रेस क्लब की सदस्यता




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद प्रेस क्लब की वार्षिक आम बैठक 2023 रविवार को धनबाद क्लब के सभागार में हुई। जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति से तय किया गया कि मान्यता प्राप्त या मान्यता प्राप्त संस्थानों में काम करने वाले पत्रकारों को ही धनबाद प्रेस क्लब की सदस्यता दी जाएगी। साथ ही जिले भर में धनबाद प्रेस क्लब द्वारा सदस्यता अभियान चलाए जाने की घोषणा की गई। मान्यता प्राप्त संस्थानों में काम करने वाले पत्रकार इसके लिए आवेदन दे सकते हैं। साथ ही आइपीआरडी से निबंध पोर्टल के लिए काम करने वाले पत्रकार भी सदस्यता के लिए आवेदन दे सकते हैं। सदस्यता अभियान सहयोग के लिए हर क्षेत्र में प्रेस क्लब की ओर से प्रतिनिधि का चयन किया गया है। सदस्यता अभियान के लिए तीन सदस्य स्क्रुटनी कमेटी के गठन की भी घोषणा की गई है। इस कमेटी के सदस्यों में वरिष्ठ पत्रकार पंकज कुमार, विजय पाठक और अभय भट्ट शामिल है। बैठक की शुरूआत में दिवंगत पत्रकारों चितरंजन झा, संजीव सिन्हा, विजय रजक, विमल चक्रवर्ती, शंभू भगत, भारत भूषण, मिलिंद और अमित मिश्रा को श्रद्धांजलि दी गई। एजीएम में धनबाद प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारी सहित वरिष्ठ पत्रकार गणेश मिश्रा, राजकुमार मधु, पंकज कुमार, इंद्रजीत सिंह, जयदेव गुप्ता, संजय मिश्रा, सुभाष मिश्रा, सीके सिंह, ब्रह्मा चौधरी, अशोक झा, रामजी यादव, बलराम दूबे, नितेश मिश्रा आदि थे।

## भारतीय मानवाधिकार संगठन ने किया झरिया थानेदार को सम्मानित



**धनसार (आजाद सिपाही)।** भारतीय मानवाधिकार संगठन की ओर से पुलिस निरीक्षक सह झरिया के थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। विगत दिनों झरिया में संप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के बाद संवैधानिक तरीके से जिस तरह थानेदार संतोष सिंह ने स्थिति को नियंत्रण किया वो शहर के गर्व की बात है। संगठन के लोगों ने पुलिस को अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष शिवम बजाज, महानगर अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, प्रियंका कुमारी, आनंद केशरी, उपाध्यक्ष (सामाजिक सुरक्षा) सुमित खेतान और आजाद खान आदि सदस्य मौजूद थे।

## ट्रांसफार्मर का क्वायल चोरी, हजारों लोग प्रभावित

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन ओपी अंतर्गत मेढ़ा ग्राम के नीचे टोला में चोरों ने 200 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का क्वायल चोरी कर लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार की रात करीब 12 बजे बिजली कट जाने से ग्रामीणों की नींद खुली। उन्हें लगा कि ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया है। जब ग्रामीण ट्रांसफार्मर के समीप पहुंचे तो देखा कि एक दर्जन से ज्यादा लोग खड़े हैं। ग्रामीणों को करीब आता देख चोर ग्रामीणों पर डंडा चलाने लगे। चोरों ने दहशत फैलाने के लिए एक बम भी विस्फोट किया। हालांकि किसी को कोई क्षति नहीं हुई। जिसके बाद चोरों के दल ने ट्रांसफार्मर का सारा तेल वहीं गिरा दिया और ट्रांसफार्मर का क्वाइल ले भागे। रविवार की सुबह होते ही ग्रामीण मुखिया मनोज राउत के पास पहुंचे और पूरा मामला बताया। ग्रामीणों के साथ मुखिया ने मैथन ओपी पहुंच प्रभारी विकास कुमार यादव को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बतातें चलें कि पूरे मेढ़ा ग्राम में उसी ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई की जाती हैं। ट्रांसफार्मर का क्वाइल चोरी होने से बिजली नहीं रहने के कारण लगभग 10 हजार की आबादी प्रभावित हुई है।

**बाबूलाल मरांडी के छठे चरण की संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर**

# धनबाद विधायक ने की बैठक, तो रागिनी सिंह ने झरिया सभास्थल जाकर लिया तैयारियों का जायजा





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के छठे चरण में धनबाद जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित अलग-अलग सभाओं को संबोधिति करेंगे। इसे लेकर सभी विधायक जिला से लेकर विधानसभा स्तर के पदाधिकारी-कार्यकर्ता तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हैं। इसी कड़ी में रविवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने जिला के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवासीय कार्यालय में बैठक की। विधायक ने बताया कि गोल्फ ग्राउंड में आयोजित सभा में कम से कम 10 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसको लेकर हमलोगों ने योजना बनाई है कि सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र से भारी संख्या में पुरुष, महिला, युवाओं के लेकर पहुंचेंगे। इसके अलावे प्रदेश अध्यक्ष के झरिया से धनबाद आगमन के दौरान धनबाद विधानसभा के धनसार थाना के समीप से कार्यकर्ता बाइक जुलूस के साथ हावड़ा मोटर, मनईटांड़, हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक होते हुए सभा स्थल गोल्फ ग्राउंड तक स्वागत करते हुए लेकर आएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की ओर से व्यापक तैयारी की जा रही है। पूरे शहर को झंडा और बैनर से पाटा जाएगा। दूसरी ओर, रविवार को ही भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रागिनी सिंह ने झरिया विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभास्थल पुराने आरएसपी कॉलेज पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही झरिया बिहार बिल्डिंग स्थित कार्यालय में पार्टी के वरीय पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समीक्षा की। इस दौरान महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष संजय झा, मानस प्रसून, उमेश यादव, महामंत्री नितिन भट्ट, संतोष सिंह, विजय कुमार सिन्हा, अरुण साव, संतोष शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, राजा राम पासवान, सुजीत सिन्हा, राज किशोर जैना, अमर सिंह, अखिलेश सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

# शांतिपूर्वक मनायें पर्व, पुलिस की रहेगी पैनी नजर : थाना प्रभारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** मिलाद-उल-नबी पर्व शांति पूर्वक मनाने को लेकर रविवार को बोकारो थर्मल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी रूपेंद्र कुमार राणा ने की। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व को आपसी भाईचारगी से मनायें। ऐसे भी यह क्षेत्र समय-समय पर आपसी भाईचारा का संदेश देता आया है। पुलिस हर कदम पर आपके साथ है। किसी तरह की समस्या हो तो पुलिस को तुरंत सूचना दे। उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सभी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगे। बैठक में जुलूस में शामिल युवकों को जुलूस के साथ ही रहने का निर्देश दिया गया। जुलूस के अलावे कॉलोनी में अनावश्यक नहीं घूमने की हिदायत दी गयी। बाइक के ऊपर भी निगरानी रखने को कहा गया, ताकि चोरी से बाइक को बचाया जा सके। डीजे नहीं बजाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर राजा बाजार, बाजार टांड, नई बस्ती, जरंगडीह, खेतको, कथारा व असनापानी आदि क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी बात रखी। शांति समिति में शामिल जोगेंद्र गिरी, कलीम अंसारी, श्रवन सिंह, मंजूर अंसारी, ब्रज किशोर सिंह, मोती महतो, मो ऐनुल अंसारी, करीम अंसारी, भागीरथ शर्मा, रत्नेश शर्मा, मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव घांसी, महबूब आलम, बीएन महतो, मनीर अंसारी आदि ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में थाना प्रभारी के अलावे थाना के एसआई प्रभास बर्नवाल, आसीस कुमार, जीतन गुड़िया और डीके गुप्ता सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# पीएम मोदी ने पुरी-राउरकेला वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा सहित 11 राज्यों में नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई, जिससे इन सेमी हाई-स्पीड ट्रेनों की कुल संख्या 34 हो गयी है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल प्रफेसर गणेशी लाल, केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ कई सांसद विधायक भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर शामिल हुए, जहां पुरी-राउरकेला मार्ग पर ओडिशा के लिए दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया गया। राउरकेला-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस के अलावा, प्रधानमंत्री ने केरल (कासरगोड-तिरुवनंतपुरम), राजस्थान (जयपुर-उदयपुर), आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु (विजयवाड़ा-चेन्नई), तमिलनाडु (तिरुनेलवेली-चेन्नई), गुजरात (जामनगर-अहमदाबाद), झारखंड और पश्चिम बंगाल (रांची-हावड़ा), तेलंगाना और कर्नाटक (सिकंदराबाद (काचेगुडा)-बेंगलुरु (यशवंतपुर) और बिहार और पश्चिम बंगाल (पटना-हावड़ा) में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखायी। इस अवसर पर अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि इन ट्रेनों से कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा और पूरे भारत में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। 25 वंदे भारत ट्रेनें पहले से ही चल रही हैं, अब उनमें नौ और ट्रेनें जोड़ी जा रही हैं। नयी वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों के आराम के लिए कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाएं हैं।



## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ धनवार प्रखंड क्षेत्र के भुधरनी उत्क्रमित मध्य विधालय स्थित बूथ नंबर 242 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम के बाद श्री सिंह ने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा। चुनाव में भाजपा की जीत के लिए अभी से संगठनात्मक मजबूती के साथ काम करने की सलाह दी। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किये गये कल्याणकारी एवं राष्ट्रहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दिलाने में सहयोग करने की बात कही। इस दौरान वे कई लोगों की समस्याओं से भी अवगत हुए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, अमरेंद्र कुमार, धनवार विधानसभा विस्तारक प्रभारी सुमन सौरभ, राजेंद्र कुमार, नरेश सिंह, नोखलाल ठाकुर, हरी सिंह, सुनील कुमार सिंह, मुरलीधर यादव, हिमांशु शेखर आदि कई मौजूद थे।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल बुर्ला ने दो महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल जागृति महिला मंडल, बुर्ला की ओर से सबंलपुर जिला के महिलाओं को तीन सिलाई मशीन प्रदान की गयी है। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने उपाध्यक्ष सरिता पटेल, रश्मि बेहुरा एवं अंजली बापट की उपस्थिति में महिलाओं को तीन सिलाई मशीन प्रदान की। जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह ने कहा कि स्वावलंबी के साथ स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पावदान वाली सिलाई मशीन प्रदान की गयी है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा प्रयास है कि जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई-बुनाई में प्रशिक्षित कर उन्हें स्वरोजगार बनाना है।

### न्यूज रील्स

## रंग रूट पर गाड़ी चलायी, तो कोर्ट से रिलीज कराना होगा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजधानी में यदि आप रंग मार्ग पर गाड़ी चलायेंगे, तो आप की गाड़ी कोर्ट जायेगी। हालांकि, वाहन वापस पाने के लिए अदालत से रिहाई आदेश प्राप्त करना होगा। राजधानी में बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ऐसा कदम उठाया है। केवल यह कि रंग रूट के लिए जुर्माना नहीं देना पड़ेगा। हेलमेट नहीं पहनने से, लाइसेंस नहीं होने पर, बीमा नहीं होने पर भी जुर्माना लगेगा। यह जानकारी एसीपी ने दी। ट्रैफिक पुलिस के एसीपी जयंत कुमार दास ने बताया कि दुर्गा पूजा आने के कारण चेकिंग और सख्त होगी। रविवार को भी राजधानी की विभिन्न सड़कों और बाजारों में चेकिंग तेज कर दी गयी है। ट्रैफिक थाना-1 एवं ट्रैफिक थाना-2 द्वारा चेकिंग को जोरदार की गयी। चेकिंग के दौरान 102 से ज्यादा गाड़ियां जब्त की गयीं। ट्रैफिक पुलिस एसीपी जयंत कुमार दास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ये वाहन मालिक कोर्ट से रिलीज ऑर्डर लाने के बाद वाहन लेंगे।






















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**